भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 258 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    रविवार 12 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# कर्नाटक, उत्तराखंड, और अब गुजरात, 6 महीने में बीजेपी ने बदले 4 मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शनिवार को अचानक पद से इस्तीफा दे दिया। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) राज्य में चुनाव से एक साल पहले चेहरा बदलने जा रही है। माना जा रहा है कि बीजेपी ने सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी की काट के लिए चेहरा बदल दिया है। हाल ही में उत्तराखंड और कर्नाटक में भी बीजेपी ने यह फॉर्मूला अपनाया है। पिछले 6 महीने में बीजेपी ने 4 मुख्यमंत्री बदल दिए हैं। राजनीतिक जानकार इसके पीछे की वजहें तलाशने में जुटे हैं। हालांकि, चुनावी नतीजे यह तय करेंगे कि बीजेपी की रणनीति कितनी कामयाब है।

रूपाणी से पहले कर्नाटक में जुलाई में बीएस येदियुरप्पा को कुर्सी छोड़नी पड़ी। बीएस येदियुरप्पा से पार्टी के कई नेता नाराज चल रहे थे। लिंगायत समुदाय के बड़े नेता और दक्षिण में पहली बार कमल खिलाने वाले येदियुरप्पा की जगह अब उनके ही करीबी नेता बीएस बोम्मई को कुर्सी सौंपी गई है। उत्तराखंड में तीरथ सिंह रावत को हटा दिया गया, जबकि मार्च में ही त्रिवेंद्र सिंह रावत को हटाकर उन्हें सीएम बनाया गया था। गुजरात और उत्तराखंड में अगले साल चुनाव होने जा रहा है। उत्तराखंड में भी त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ नाराजगी को लेकर तीरथ सिंह रावत को मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन वह अधिक दिन तक कुर्सी नहीं संभाल पाए। अब वहां पुष्कर सिंह धामी को जिम्मेदारी दी गई है। उत्तराखंड के बीजेपी नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व से तीरथ के खिलाफ शिकायत की थी। कई विवादित बयानों की वजह से वह मीडिया की सुर्खियों में रहे और सरकार की छवि खराब होते देख बीजेपी ने उनकी छुट्टी कर दी।

उधर, असम को भी बीजेपी ने हाल ही में नया नेतृत्व दिया है। असम में सर्बानंद सोनेवाल पांच साल तक मुख्यमंत्री रहे और पार्टी यहां दोबारा सत्ता में लौटने में कामयाब रही। चुनाव के बाद बीजेपी ने हिमंत बिस्व सरमा को मुख्यमंत्री बनाया। सरमा ने नॉर्थ ईस्ट में बीजेपी की जड़ें मजबूत की हैं। कांग्रेस से बीजेपी में आने वाले सरमा को पर भरोसा जताकर बीजेपी ने कांग्रेस सहित दूसरी पार्टियों के उन नेताओं को संदेश देने की कोशिश की है, जो भगवा दल में शामिल होना चाहते हैं।

## आज गृहमंत्री अमित शाह जाएंगे अहमदाबाद, दो केंद्रीय मंत्री पहले से मौजूद; गुजरात बीजेपी में हलचल तेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद नया मुख्यमंत्री कौन होगा इस पर पार्टी नेतृत्व विचार कर रहा है। आज रात या कल सुबह अहमदाबाद में भाजपा के विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। इसमें नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि इस बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी दिल्ली से रवाना होने वाले हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद गुजरात भाजपा में हलचल तेज है। नए मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा के लिए यहां पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक चल रही है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मनसुख मंडाविया यहां पहले से ही मौजूद हैं। गांधीनगर स्थित गुजरात भाजपा के हेडक्वॉर्टर में संगठन मंत्री बीएल संतोष और प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल समेत अन्य नेताओं की भी बैठक चल रही है। सूत्रों का दावा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुजरात पहुंचकर इस बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में नए सीएम के नाम पर मुहर लग जाएगी।इसके अलावा आज रात या कल सुबह भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि गुजरात के सभी भाजपा विधायकों इस बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया जा चुका है। प्रदेश पार्टी नेतृत्व ने भाजपा विधायकों को अहमदाबाद पहुंचने के लिए कह दिया है।



# दरिया 'दिल्ली': बारिश ने तोड़ा 121 सालों का रिकॉर्ड, अभी और बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में शनिवार सुबह से जारी भारी बारिश रविवार सुबह तक जारी रहेगी। 1944 के बाद इस बार सितंबर महीने में सबसे अधिक बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में इस साल बीते 121 साल में सबसे ज्यादा पिछले 24 घंटे में बारिश हुई। सितंबर में 390 मिलीमीटर बारिश हुई है। इससे पूर्व 77 साल पहले सितंबर 1944 में सबसे ज्यादा 417 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। दिल्ली में 4 महीनों में 1139 मिमी बारिश दर्ज की गई है जो कि 46 साल में सबसे अधिक है। यह 1975 में हुई 1155 मिमी बारिश से थोड़ी कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (घ्श्ऊ) के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर.के. जेनामनी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में भारी बारिश रविवार सुबह तक जारी रहेगी। यह दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और राजस्थान को कवर करेगा। पूर्वी राजस्थान और बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने वाले सिस्टम के और तेज होने की संभावना है। दिल्ली में 17-18 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा।क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र (आरडब्ल्यूएफसी) नई दिल्ली ने शनिवार को अगले दो घंटों के दौरान पूरी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश और अत्यधिक भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आरडब्ल्यूएफसी ने ट्वीट कर कहा, ठपूरी दिल्ली और एनसीआर (लोनी देहात, हिंडन एएफ स्टेशन, बहादुरगढ़। इससे पहले राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह हुई भारी बारिश के बाद दिल्ली हवाईअड्डे समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया था।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में जो चाहा वह मिला लेकिन अब खुद तालिबान का शिकार होगा?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों में जश्न का माहौल है। पाकिस्तान के कट्टरपंथियों ने अफगानिस्तान में लगातार तालिबान का समर्थन किया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में जो चाहा था, वही हुआ है लेकिन पाकिस्तान को जल्द ही इसका पछतावा होने वाला है। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद पाकिस्तान चरमपंथ की चपेट में आ जाएगा और दुनिया में अलग-थलग पड़ जाएगा। तालिबान के बेकाबू होने के साथ ही पाकिस्तान की दिक्कतें बढ़ती जाएगी और फिर तालिबान पर लगाम लगाने को लेकर पाकिस्तान खुद को फंसा हुआ पाएगा। पाकिस्तान की घरेलू शांति पर भी इसका बुरा असर पड़ने वाला है। इस्लामी चरमपंथ ने पाकिस्तान को पहले से ही दो भागों में बांट रखा है। ऐसे में तालिबान को देखकर पाकिस्तान के कट्टरपंथी खुद को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे। तहरीक-ए-तालिबान-पकिस्तान जैसे तालिबानी शासन का ख्वाब देखने वाले आतंकी संगठनों ने पहले से ही इमरान खान सरकार की नाक में दम किया हुआ है।तालिबान और इस्लामिक स्टेट जैसे उसके विरोधियों के बीच लड़ाई होती है तो पाकिस्तान को शरणार्थियों के एक नए खेप से निपटना होगा।

# कोविड-19 पॉजिटिव होने पर 30 दिन के अंदर मौत हुई तो मानी जाएगी कोरोना से डेथ, सरकार ने जारी की गाइडलाइन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोविड-19 पॉजिटिव होने के बाद अगर 30 दिन के अंदर किसी की मौत अस्पताल या घर में हो जाती है, या फिर कोरोना पॉजिटिव होने के बाद अगर आप लगातार 30 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत है और अचानक आपकी मौत हो जाती है तो मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह कोविड-19 ही बताई जाएगी। शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक एफेडेविट फाइल कर इस बात की जानकारी दी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को 30 जून को यह निर्देश दिया था कि जो लोग इस महामारी की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए



औ? फिर ठीक होने के बाद कोरोना से जुड़ी जटिलताओं से उनकी मौत हो जाती है, तो ऐसी मौतों को कोरोना से हुई मौतें मानने की दिशा में कदम उठाया जाए। जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय और परिवार कल्याण तथा इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च ने 3 सितंबर को नए नियम बनाए। सरकार ने अब कोरोना से डेथ के संबंध में नया सर्कुलर जारी किया है। गाइडलाइंस में कहा गया है कि कोविड की पुष्टि होने के बाद अगर अस्पताल से छुट्टी भी हो जाए तो भी टेस्ट के 30 दिनों के भीतर अस्पताल से बाहर मौत होने पर कोविड डेथ माना जाएगा।सुप्रीम कोर्ट ने दो वकीलों गौरव कुमार बंसल और रीपक कंसल की याचिका सुनवाई के दौरान 30 जून को आदेश पारित किया था और कहा था कि केंद्र सरकार को इस आदेश का आदर करना चाहिए और उस पर अमल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किया था कि कोविड से मौत के मामले में डेथ सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया आसान बनाए और इसके लिए गाइडलाइंस जारी करे।गाइडलाइंस के मुताबिक आरटीपीसीआर टेस्ट या एंटीजन टेस्ट या फिर क्लिनिकल तरीके से छानबीन में कोविड का पता चलता है तो कोविड माना जाएगा। लेकिन साथ ही कहा गया है कि अगर मौत का कारण जहर, आत्महत्या या एक्सिडेंट से हुआ हो तो उसे कोविड से मौत नहीं माना जाएगा चाहे कोविड टेस्ट में पुष्टि हुई भी हो। कोविड से मौत के मामले में जारी होने वाले सर्टिफिकेट को आसान बनाने के लिए गाइडलाइंस तैयार कर उसकी अमल रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के सामने 11 सितंबर को पेश करने का निर्देश दिया गया था।

## केरलः धार्मिक कार्यक्रम में चप्पल पहनने को लेकर विवाद के बाद अभिनेत्री गिरफ्तार, मिल रही थीं धमकियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल में एक पारंपरिक नौका में जूते पहनकर चढ़ने के बाद मंदिर के रीति-रिवाजों का उल्लंघन करने के आरोप में जांच का सामना कर रही मलयालम टीवी धारावाहिक की एक अभिनेत्री को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी किये जाने के बाद अभिनेत्री का बयान दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अभिनेत्री निमिषा और कथित तौर पर तस्वीरें खींचने में उनकी मदद वाले दोस्त का बयान दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें थाने में जमानत देकर रिहा कर दिया गया।

### मिशन 2022: सपा का हर बूथ पर यूथ का ऐलान

# चलेगा जन-मन विजय अभियान, अखिलेश यादव ने किया ट्वीट

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐलान किया है कि सपा की युवा शक्ति हर बूथ पर जनजागरण करेगी। उन्होंने ट्वीट किया कि 'हर बूथ पर यूथ' का ऐलान, 'जन-मन विजय अभियान'। उन्होंने लिखा कि 22 के चुनाव में सपा की युवा शक्ति उप्र के हर बूथ पर जन-जागरण करेगी व सपा के सिद्धांतों और कामों के आधार पर जन-जन का मन जीतकर हर बूथ पर 'जन-मन विजय अभियान' की सफलता भी सुनिश्चित करेगी। उप्र की जाग्रत जनता 'लोकतांत्रिक-क्रांति' लाएगी! इस बीच सपा मुख्यालय में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में अखिलेश ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत झूठ है। भाजपा का मानना है कि विकास संवेदनशील मुद्दा नहीं है। भाजपा हर मामलों में व्यापारिक दृष्टिकोण अपनाती है। भाजपा राजनीति में भी कारोबार ढूंढ़ती रहती है। भाजपा के पास अपने



नेताओं के नाम के लिए अपना कोई काम नहीं है। वह सामाजिक सद्भाव को तोड़ने में लगी रहती है। समाजवादी पार्टी को बदनाम करना ही भाजपा का मूल एजेंण्डा है। वर्ष 2022 का चुनाव देश और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। यूपी से ही बदलाव होगा जनता ने यह तय कर लिया है। कालाधन, भ्रष्टाचार और आतंकवाद के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा की सच्चाई जनता जान चुकी है। भाजपा लोकतंत्र के विरुद्ध आचरण करती है। भाजपा अलोकतांत्रिक व्यवस्था की पक्षधर है। फासिस्ट ताकतों से देश को बचाना है। महिलाओं की अस्मिता पर हो रहा हमला शर्मनाक है। सामाजिक न्याय के प्रति बीजेपी सरकार का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। असंगठित क्षेत्र के 6 करोड़ मजदूर आत्महत्या करने को मजबूर हैं। किसान और बेकारी प्रमुख समस्या है। इनके समाधान के प्रति सरकार की कोई चिंता नहीं है।

## तीन साल से एक ही जिले में रहे अफसर हटाए गए, 38 पीसीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले अफसरों के तबादलों का दौर शुरू हो गया है। नियुक्ति विभाग ने 38 पीसीएस अफसरों के तबादले तो किए, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। नियुक्ति विभाग के अधिकारी दिनभर तबादलों को छिपाते रहे। विधानसभा चुनाव से पहले एक ही जिले में तीन साल से अधिक समय से जमे आईएएस और पीसीएस अधिकारियों को हटाया जाना है। नियुक्ति विभाग ने ऐसे करीब सवा सौ अफसरों की सूची तैयारी की है। इसके आधार पर नियुक्ति विभाग ने तबादलों का दौर शुरू कर दिया है। पहले चरण में 38 पीसीएस अफसरों को तबादला किया गया है।

विश्व भूषण मिश्रा एडीएम टीजी से अपर निदेशक नागरिक उड्डयन निदेशालय लखनऊ, हिमांशु कुमार गुप्ता सिटी मजिस्ट्रेट कानपुर से एडीएम ट्रांस गोमती लखनऊ, अमित कुमार अपर नगर आयुक्त लखनऊ से एडीएम (ई) रायबरेली भेजे गए हैं। पंकज कुमार वर्मा एडीएम एफआर से इसी पद पर महराजगंज, प्रदीप कुमार एसडीएम चंदौली से सिटी मजिस्ट्रेट बलिया, शैलेंद्र कुमार सिंह एडीएम सिटी गाजियाबाद से ओएसडी यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के पद पर भेजे गए हैं।

प्रदीप वर्मा एसडीएम उन्नाव से सिटी मजिस्ट्रेट अलीगढ़, राजीव पांडेय एसडीएम एटा से सिटी मजिस्ट्रेट बरेली, विपिन कुमार सिटी मजिस्ट्रेट गाजियाबाद से एडीएम सिटी गाजियाबाद, अविनाश त्रिपाठी ओएसडी ग्रेटर नोएडा से सिटी मजिस्ट्रेट गाजियाबाद और राकेश सिंह एडीएम गोंडा से इसी पद पर सोनभद्र भेजे गए हैं। इसके अलावा विनीत सिंह एडीएम सिटी गोरखपुर, नागेंद्र सिंह एडीएम देवरिया, अमित भट सिटी मजिस्ट्रेट मेरठ व राम भरत तिवारी एडीएम एफआर सीतापुर बनाए गए हैं।

# भाजपा के बूथ विजय अभियान का शुभारंभ, नड्डा बोले-यूथ तक पहुंचे तो प्रचंड जीत तय

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को भाजपा उत्तर प्रदेश के बूथ अभियान का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बूथ विजय अभियान का शुभारंभ करने के बाद नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। इस दौरान सीएम योगी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह भी जुड़े रहे। जेपी नड्डा ने इस दौरान बूथ के सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने राज्य में विकास के सारे रिकॉर्ड को तोड़ा है। अब इसको आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी संगठन की है। उन्होंने कहा कि इसको आगे हमें बूथ से लेकर यूथ तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि इसका हमें बड़ा लाभ होगा और इसके बाद तो उत्तर प्रदेश में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा का सरकार बनना तय है। हमारे सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं की शक्ति ही हमारे लिए अमूल्य है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा ही समर्पण के तहत मानव सेवा और कर्मठता की मिशाल पेश की है। अभी तक सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ हमने चुनाव जीते हैं। अगले चुनाव भी हम अपने कार्यों और कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य के बल पर ही जीतेंगे। जे पी नड्डा ने कहा कि हमारा बूथ कोरोना मुक्त अभियान काफी सफल रहा है। कोई विश्वास नहीं करता था कि कोरोना मुक्त बूथ बनाने में भाजपा या भाजपा कार्यकर्ता आकर ऐसा कार्य करेंगे। हमारे कार्यकर्ताओं ने संकट के समय, विषम परिस्थितियों में मानवता की सेवा का कार्य किया। नड्डा ने कहा कि जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। उत्तर प्रदेश में उनके मुकाबले में दूर-दूर तक कोई नहीं है। उनके काम को देखकर उत्तर प्रदेश की जनता काफी संतुष्ट है। उन्होंने हर संकट के समय में प्रदेश को बड़ा सहारा दिया है। सभी के हित के बारे में सोचने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ बेहक कर्मठ हैं। उत्तर प्रदेश की जनता ने वैश्विक महामारी के दौरे में उनकी कर्मठता को देख लिया है।

## खबर संक्षेप



### ईट भट्ठा संचालकों ने बैठक कर बनाई रणनीति छ हजार रूपए से कम नहीं बेचेंगे ईट

**घूरपुर।** संगम ईंट निमार्ता समिति के बैनर तले घूरपुर के इरादतगंज स्थित कृष्णा गार्डन में शनिवार के जनपद के ईंट कारोबारियों की बैठक हुई । जिसमें ईंट के भाव के निर्धारण सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई ।समिति के अध्यक्ष उमाशंकर आयलानी ने ईंट कारोबारियों की समस्या सुन उनके निस्तारण को लेकर अपनी राय साझा की । इस मौके पर ईंट कारोबारियों ने तय किया कि सभी ईंट कारोबारी छः हजार रुपये प्रति हजार से कम ईंट नहीं बेचेंगे ,साथ ही 1 फरवरी से पहले भट्ठे नहीं फूकेंगे। बैठक में रामचंद्र पटेल,राजकरन पटेल, कुंवर बहादुर सिंह, भोला सिंह, शमशेर अहमद शेरू, दिनेश मिश्र, अजय पटेल , अनिल सिंह, कप्तान सिंह सहित कई दर्जन ईंट कारोबारी रहे।

# अपराधियों के हौसले बुलंद, गाड़ी से कुचलकर अध्यापक की कर दी हत्या, मुकदमा दर्ज







क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल व मृतक अध्यापक शिव प्रकाश सिंह की फाइल फोटो तथा घटना के बाद वहां लगी लोगों की भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** हंडिया के ऊष्मा पुर गांव निवासी शिव प्रकाश सिंह जो मेजा भुस्का स्थित भगवंती देवी इंटर कॉलेज में प्राइवेट अध्यापक था। जो रोज की तरह सुबह लगभग 8:30 बजे जब वह घर से कालेज की ओर जा रहे थे तभी कार सवार युवकों ने जानबूझकर सोची समझी साजिश के तहत टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि गांव के ही निवासी गुलाब पुत्र भुल्लर एवं उसका भाई शीतला प्रसाद ने लाल रंग की गाड़ी से जान बूझकर मृतक शिव प्रकाश सिंह एवं उसके भाई पर जानलेवा हमला करने की नियत से गाड़ी से रौंद दिया। इस पूरी घटना में शिव प्रकाश सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया एवं उनके भाई को गंभीर चोटें आई हैं। भाई दुर्घटना में मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक की पत्नी ने उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर हंडिया थाने में दी। मृतक पांच भाई है। वहीं उसके एक बेटा स्वास्तक है। अध्यापक की मौत से पत्नी कुसुम समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में जब हण्डिया इंस्पेक्टर बृजेश सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दो के खिलाफ गुलाब उर्फ देवनारायण पुत्र भुल्लर व उसका सगा भाई शीतला प्रसाद पुत्र भुल्लर पर हत्या समेत अन्य संगीन धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# करछना में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव का दूसरे दिन भी अनशन जारी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** कांग्रेस के 3प्रदेश महासचिव जितेंद्र तिवारी की अगुवाई में दर्जनों से अधिक कांग्रेसियों द्वारा करछना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अपनी पांच सूत्रीय मांगों के पूरा न होने पर आज दूसरे दिन भी अनशन पर बैठे रहे ! जिसके अनुसार बीस दिन पूर्व उपजिलाधिकारी करछना विनोद कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंप कर बाढ़ प्रभावित गांवों के किसानों को फसल की नुकसानी का मुआवजा दिलाने, बेघर हुए लोगों को आवास मुहैया कराने, न्याय पंचायत स्तर पर गौशाला बनवाने, अघोषित बिजली कटौती बंद हो व बिजली के जर्जर तार बदले जाए, अरैल में सड़क निर्माण व लाइट की व्यवस्था के साथ बेंदो पनासा मार्ग मरम्मत कार्य की मांग की है! जिसके पूरा ना होने तक अनशनरत रहने की बात कहां है! जिस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रंगराज सिंह, विकास सोनी, दिनेश सोनी, अरुण कुशवाहा, बड़कऊ यादव , आयुष मिश्रा, बनटू यादव , नागेश पाण्डेय आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।




करछना में कांग्रेस का अनशन दूसरे दिन जारी

## न्यूज झरोखा



### बूथ विजय अभियान को लेकर भाजपा की वर्चुअल बैठक

#### विधायक बारा ने कार्यकताओं संग सुना राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन

**जसरा।** शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे० पी० नड्डा ने वर्चुअल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओ को संबोधित किया और कहा कि जिस तरह से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश का विकास किया है वह निःसंदेह काबिले तारीफ है। उन्होंने प्रदेश की कमान संभालने के बाद सबको साथ लेकर प्रदेश के हर वर्ग का ध्यान दिया है। बारा विधानसभा के पचखरा गांव में सेक्टर संयोजक आलोक द्विवेदी के निवास पर क्षेत्रीय विधायक डॉ०अजय कुमार ने कार्यकताओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्बोधन सुना और कहा कि निश्चित ही योगी सरकार के द्वारा प्रदेश में हो रहे विकाश पर कोई भी अंगुली नहीं उठा सकता है। योगी जी ने प्रदेश के हर तबके का ख्याल रखा है। आज शहर से लेकर गांव में हर तरफ पक्की सड़क, पानी की व्यवस्था व गरीबों को पेंशन की व्यवस्था की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, राजाबाबू सुपरी, महामंत्री नीरज केसरवानी, बब्बन सिंह, ग्राम प्रधान आशीष सोनकर, अश्वनी दुबे, चंद्रशेखर यादव,चंद्र भान पटेल, मन्नू द्विवेदी, मुन्नू शुक्ला, अशोक तिवारी, हजारी लाल पटेल, अवनीश तिवारी, मोहन यादव, नानबाबू पाल, रामहर्ष, बड़े बाबू, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### बबुरा कोविड कैम्प में सर्वाधिक 400 लोगों नें कराया वैक्सीनेशन



**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना की कोविड वैक्सीनेशन टीम विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत बबुरा में आयोजित कोविड वैक्सीन सेंटर पर बडी संख्या में लोगों का उत्साह दिखा कोविड टीम का नेतृत्व डाक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह यादव की अध्यक्षता में नटका बबुरा ग्राम सभा मे टीकाकरण आयोजित किया गया था जिसमे 400 लोगो को कोविड19 टीकाकरण सम्पन हुआ । पंजीकरण का कार्य निखिल कुमार के द्वारा और टीकाकरण का कार्य मधुबाला अभिलाषा विद्योतमा अठट के द्वारा सम्पन किया गया । ग्राम सभा बबुरा के प्रधान निर्मल कुमार यादव की देख रेख टीकाकरण का कार्य सम्पन हुआ। इस मौके पर डाक्टर जगदम्बाप्रसाद , अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना के नवीन गिरि ने कोविड टीम को बधाई दी है ।



### दो शातिर गिरफ्तार, एल्यूमिनियम के उपकरण व तीन देसी बम बरामद

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने शनिवार को जरिए मुखबिर की सटीक सूचना पर दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एल्यूमिनियम के उपकरण व तीन देसी बम बरामद करते हुए चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र थाने से संबंधित उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व मनोज कुमार सिंह को शनिवार भोर में जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर पूरा पांडेय, महुआरी संपर्क मार्ग के समीप किसी वारदात को अंजाम देने के लिए मौजूद हैं और उनके पास एक बोरे में कुछ उपकरण भी है। सटीक सूचना मिलते ही उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह और मनोज कुमार सिंह ने कांस्टेबल राजेंद्र कुमार व अमित कुमार गुप्ता को साथ लेकर उक्त स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर औद्योगिक क्षेत्र थाने उठा लाए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में नैनी कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड, चक रघुनाथ निवासी अफसर खान पुत्र वाजिद खान व मलहारा फाटक, नैनी निवासी मोः सागर उर्फ टोटी पुत्र मोः समीद उर्फ सलीम शामिल हैं। दोनों के कब्जे से 47 पीस एल्यूमिनियम की आयताकार फ्रेम व तीन देशी बम बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिए।

# दहशतगर्दों ने की पुलिस के सामने बीसों राउंड फायरिंग, दरोगा का पकड़ा कालर





दरोगा का कालर धक्का मुक्की करते दहशतगर्द व लाठी डंडे से लैश आरोपित पक्ष

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** इलाके के चन्द्रभान सिंह का पूरा गांव में दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस तो एक पक्ष के दहशतगर्दों ने पुलिस के सामने ही बीसो राऊंड फायरिंग की और एक दरोगा का कालर पकड़ धक्का धुक्की की। इसकी सूचना पर भारी संख्या में पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पुलिस ने मौके से एक लाइसेंसी बंदूक व एक तमंचा व 40 जिंदा कारतूस व 16 खोखा बरामद किया और आधा दर्जन संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। शिकायती पत्र पर पुलिस ने 9 नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है।

हथिगन ग्राम सभा के चंद्र भान सिंह का पूरा गांव निवासी योगेंद्र कुमार उर्फ मुलायम पुत्र ओंकार नाथ अपनी जमीन में घर का निर्माण करवा रहे थे। शनिवार की सुबह आरोपित साजिद अली के पक्ष के कई लोग निमार्णाधीन मकान की सरिया आदि उखाड़ने लगे। जिसे लेकर योगेंद्र पक्ष के लोगों ने विरोध किया तो आरोपित पक्ष के दर्जऩो लोग एकजूट होकर बंदूक, तमंचे सहित लाठी डंडे ईंट लेकर धावा बोल दिए। सूचना पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस तो उसके दारोगा का साजिद अली के हमलावर पक्ष ने कालर पकड़ धक्का देकर भगाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच करमा चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह मय फोर्स पहुंचें तो हमलावर दहशतगर्दों ने पुलिस के सामने ही बीसो राउंड फायरिंग कर पुलिस टीम को भगाने की कोशिश की। इसकी सूचना पर अन्य थानों की फोर्स पहुंची तो दहशतगर्द हमलावर पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।पुलिस ने मौके से एक लाइसेंसी बंदूक व एक 315 बोर का तमंचा सहित 40 जिंदा कारतूस व16 खोखा जिसमें 12 खोखा 12 बोर की व 4 खोखा 315 बोर की बरामद की। और आधा दर्जन संदिग्ध को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### आधा दर्जन असलहों से किया जा रहा था ताबड़तोड़ फायरिंग

पीड़ित पक्ष और ग्रामीण बताते हैं कि दहशतगर्दों के पास आधा दर्जन से अधिक बंदूक और तमंचों से घूरपुर पुलिस के सामने फायरिंग की जा रही थी। गांव के लोग डर इधर उधर भाग दुबक गए। गोलियों के छर्रे घर के छतो और खपरैल पर गिरने की आवाज से पूरे गांव में दहशत फैल गया था।

### भागकर जान ना बचाते तो आज लाशों की लग जाती ढेर

दहशतगर्दों का तेवर और भारी संख्या मे असलहे देख घर निमार्णाधीन पक्ष यदि मौके से भागकर जान न बचाकर यदि दहशतगर्दों का सामना करते तो आज चंद्र भान सिंह का पूरा गांव में लाशों की ढेर लग जाती। और शाशन प्रशासन का पूरा महकमा इस गांव में डटा होता। अच्छा रहा कि पीड़ित पक्ष समझ बूझ से भाग अपनी जान बचा लिए।

### अन्य थानों की फोर्स पहुची तो दहशतगर्द भागे

घूरपुर पुलिस के सामने ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले दहशतगर्द जब अद्योगगिक व करछना थानों की फोर्स पहुंची तब जाकर दहशतगर्द भागे। तब जाकर पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### किसी फि ल्म के फिल्मांकन से कम नहीं थी घटना

चंद्र भान सिंह का पूरा गांव में दहशतगर्दों का तांडव गांव के लोगो के लिए मारधाड़ वाली किसी फि ल्म के फिल्मांकन के दृश्य से कम नहीं था। एक ओर जहां दहशत था तो वहीं महिलाए और बच्चे खिड़कियों और झरोखे से दहशतगर्दों के दृश्य देख रहे थे।

### रिटायर्ड दरोगा सहित नौ नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस टीम के सामने फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले व धावा बोलने वाले एक रिटायर्ड दरोगा नसीम अहमद सहित साजिद अली उर्फ जद्दन, वाजिद, मोहमद आरिफ, कैफी, शादाब, निजाम, फिराज अहमद सहित दस अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रयास, बलवा, मारपीट सहित दस संगीन धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# पपीते की खेती से आपदा को अवसर में बदल रहा ट्रांसपोर्ट कारोबारी

अखंड भारत संदेस

**करछना।** आपदा में अवसर का भरमार है। मौका मिलने पर उसे चूकना नहीं चाहिए। लगन और दृढ़ संकल्प शक्ति भर होनी चाहिए। कुछ इसी तरह के जज्बा और जुनून करछना क्षेत्र के देवरी कला गांव निवासी विजय पांडे ने दिखाई है। विजय पांडेय इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद गुजरात चले गए थे। जहां पर वह पिछले 15 वर्षों से गुजरात के बड़ोदरा में रह कर खुद का ट्रांसपोर्ट का कारोबार करने लगे। पिछले वर्ष करोना महामारी के चलते लॉकडाउन होने से सभी कारोबार ठप हो गया । आपदा की मार झेल न सके तो साथ में रह रहे छोटे भाई को सभी कारोबार सौंप कर घर लौट आए। घर लौटने के बाद जीविका चलाने के लिए कई प्रकार की विषम परिस्थितियां उत्पन्न होने लगी । ऐसी दशा में उन्होंने लॉकडाउन में हुई क्षति की भरपाई करने के लिए खेती के माध्यम को चुना और कुछ अलग करने की ठानी।

### पपीते की उपज देख और किसान हो रहे हैं उत्साहित



उन्हें खेती करने का ज्यादा अनुभव न होने के कारण यूट्यूब का सहारा लिया। गांव में हो रहे पारंपरिक खेती को दरकिनार कर 10 विश्वा खेत में व्यवसायिक खेती करना शुरू कर दिया। उन्होंने महज 40 हजार रुपए की लागत से जैविक खाद के माध्यम से ग्रीन लेडी 786 प्रजाति के पपीता की खेती करना शुरू किया किया । जिसमें कुल 350 पौधे लगाए गए । फसल के रखरखाव के लिए खेत के चारों ओर बांस बल्ली गाड़ कर जाल से घेर दिया । 11 महीने के कड़ी मेहनत के बाद पपीते के फल को देख क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए इन दिनों नजीर बने हुए हैं। वही अब क्षेत्र के कई किसान उनसे प्रेरित होकर पारंपरिक खेती से हटकर व्यवसाय खेती करने की मन बना रहे हैं । एक पेड़ में लगभग 80 से 90 किलो पपीता उपज हुई है । पपीता खरीदने के लिए अब कई व्यापारी भी विजय पांडे से संपर्क करने लगे हैं। पपीता की मांग अधिक होने से तीन से चार लाख रुपए मुनाफा होने की संभावना है।



विमलेश पटेल व सुमित तिवारी

### विमलेश पटेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सुमित तिवारी शोध प्रमुख भाजयुमो के बनाये गये

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के बेला गाँव निवासी निवर्तमान जिला संयोजक भाजपा युवा मोर्चा गंगापार विमलेश कुमार पटेल को प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा प्रांशुदत्त द्विवेदी द्वारा प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है ।हरीपुर, मिश्रपुर निवासी एबीवीपी के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित तिवारी को भाजयुमो गंगापार प्रयागराज का शोध प्रमुख जिलाध्यक्ष गंगापार भाजयुमो नवीन सिंह पटेल द्वारा बनाया गया है ।विमलेश पटेल एवं सुमित तिवारी ने अपने नियुक्ति पर कहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने मेरे ऊपर विश्वास करके जो अहम जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को लेकर हर बूथ को मजबूत बनाकर एक बार प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनाई जाएगी।

# भाजपा शासन में भ्रष्टाचार एवं गुण्डागर्दी का बोलबाला : चंदू

अतुल तिवारी

**मेजारोड।** भाजपा शासनकाल में बेइमानी, भ्रष्टचार, गुंडागर्दी, बेरोजगारी, अराजकता एवं मंहगाई का बोलबाला है। पूरे प्रदेश की जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है। ऐसे में सर्वसमाज की झूठी रहनुमाई करने वाली सरकार इन पर अंकुश लगाने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। भाजपा सरकार में दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के अलावा ब्राहमण समाज के लोगों का सर्वाधिक उत्पीऩ हुआ है। बसपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें अन्य समाज के लोगों के साथ-साथ ब्राहमणों का सम्मान निहित है। उक्त उद्गार मेजा विधानसभा केबसपा प्रत्याशी चॉद मोहम्मद उर्फ चंदू ने अपने निजी आवास भारतगंज में औपचारिक वार्ता के दौरान व्यक्त कियें। उन्होनें कहा कि अब जनता को वास्तविक कार्य करने का समय आ गया है। छः माह बाद विधानसभा का चुनाव होना है अगर इस बार क्षेत्र की अवाम चूकती है तो हम शासन सत्ता से चूक जायेगें। केन्द्र एवं प्रदेश में सत्तासीन गुण्डाराज के शासन को उखाड़ फेकने के लिए सर्वसमाज के लोगों को एकजुट होना होगा। श्री चंदू ने

#### पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखला उठे है विपक्षी दल



#### आसमान छूती मंहगाई पर बीजेपी का अंकुश नहीं,बसपा में ही ब्राहमणों का सम्मान निहित

कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती की सोच सर्वसमाज की सोच है उन्होनें बसपा के नारा जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि बसपा की नीतियों एवं शासन काल से क्षेत्र की आम जनता एवं मतदाता पूरी तरह वाकिब है। जिस प्रकार से बीजेपी शासन में बेइमानी, भ्रष्टाचार, गुण्डागर्दी अराजकता, मंहगाई एवं बेरोजगारी का बोलबाला है उतना किसी भी पार्टी की शासनकाल में नहीं था। उन्होनें कहा कि डीजल-पेट्रोल की आसमान छूती कीमतों ने गरीब तबके के लोगों को सड़क पर ला दिया है। इतना ही नहीं बसपा प्रत्याशी ने यह भी कहा कि कोरोना महामारी के दौर में देश की जनता का बुरा हाल हो गया है उनकी रोजी-रोटी छिन गयी है लोग भुखमरी के कगार पर आ चुके है किन्तु बेरोजगारी दूर करने का नाटक करने वाली वर्तमान केन्द्र व राज्य की सरकार अपना व राष्ट्रपति का आलीशान एसी महल बनाने में ही जुटी हुई है। श्री चंदू का माना है कि आगामी 2022 ई0 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मेजा विधानसभा क्षेत्र के चुनावी रणभूमि में इस बार बीजेपी का ताज छीनने में यहां की जनता कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होनें बताया कि बसपा प्रत्याशी को मेजा विधानसभा में हर जाति एवं धर्म के मतदाताओं का भारी समर्थना मिल रहा है जिसे देखकर अन्य विपक्षी दल बौखला गये है। बता दें कि इन-दिनों अपनी पूरी लाव लश्कर के साथ मेजा विधानसभा के गॉव-गॉव में बसपा प्रत्याशी ने पूरी ताकत झोंक दिया है। क्षेत्र में बसपा की बढ़ती लोकप्रियता से मेजा के राजनीतिक गणितबाजों का जहां माथा चकरा गया है वहीं उनके सारे समीकरण फेल होते नजर आ रहे है। श्री चंदू ने संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं बसपा के संस्थापक मां0 काशीराम को नमन करते हुए कहा कि ब्राहमण समाज के लोगों का सम्मान बसपा में ही निहित है।

## खबर संक्षेप

### शहीद कैप्टन के जन्मदिन पर गरीबों, असहायों को कराया गया भोजन

**सहसों।** देश के प्रति जीवन न्योछावर कर देने वाले अमर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के जन्मदिन पर गरीबों, असहायों को भोजन करा कर जन्मदिन मनाया गया। इसी संदर्भ में इंदुस्थली फाउंडेशन द्वारा आयोजित अभियान के तहत कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त करने वाले परमवीर चक्र से सम्मानित वीर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा जी के जन्मदिन पर शनिवार की शाम को संगम क्षेत्र में इंदुस्थली फाउंडेशन द्वारा गरीबों, असहायों,दीन- दुखियों को भोजन करा कर शहीद कैप्टन का जन्म दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के अध्यक्ष एस गुप्ता सिद्धार्थ के द्वारा शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा जी की वीरगाथा के बारे में उपस्थित लोगों को सुनाया गया जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कारगिल युद्ध में पहली विजय मिलने के बाद विक्रम बत्रा जी ने अपने सुपीरियर को फोन पर यही कहा था "ये दिल मांगे मोर"। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष आनंद शंकर, संरक्षक अरविंद कुमार, सुजल कृष्णा, निलेश कुमार, प्रकाश सिंह, संजय यादव, वेद मद्धेशिया, अनुभव कुमार, विकास पांडे, अनुराग मणि त्रिपाठी, धनंजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### आज बंद रहेगी दो घंटे बिजली

**नैनी।** क्षेत्र में स्थापित 33/11 केवी उपकेंद्र जेल रोड पर जहांगीराबाद बस चार्जिंग हेतु 11केवी पैनल के इंस्टॉलेशन /वायरिंग का कार्य होने की वजह से रविवार सुबह 10:00 से 11:00 बजे तक व शाम 3:00 से लेकर 4:00 बजे तक जेल रोड उपकेंद्र से जुड़े समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।यह जानकारी संबंधित उपखंड अधिकारी दिनेश प्रसाद ने दी है। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि बाधित बिजली आपूर्ति अवधि के दौरान पहले अपने समस्त आवश्यक कार्य को पूरा कर लें।

# न्यायपालिका के प्रति लोगों के विश्वास को और बढ़ाएं : राष्ट्रपति

- न्याय प्रणाली को और मजबूत बनाने में महिला न्यायाधीशों की भागीदारी बढ़ाने पर राष्ट्रपति ने दिया जोर
- 640 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की रिमोट दबाकर राष्ट्रपति ने रखी आधारशिला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगमनगरी पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में राष्ट्रीय विधि विश्व विद्यालय के अलावा मल्टी लेबल पार्किंग और अधिवक्ता चेंबर बिल्डिंग की आधारशिला न्याय व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का संदेश दिया। यहां उन्होंने न्याय क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ ही न्यायपालिका के प्रति लोगों में विश्वास और पैदा करने के लिए मौजूदा स्थिति में बदलाव लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभी भी लोग न्यायपालिका की मदद लेने में हिचकिचा रहे हैं। ऐसे में सभी को समय से न्याय मिले, न्याय व्यवस्था कम खचीर्ली हो, समान्य आदमी की समझ में आने वाली भाषा में निर्णय लेने की व्यवस्था हो और खासकर महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय मिले, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। यह तभी संभव होगा, जब न्याय व्यवस्था से जुड़े सभी स्टेट होल्डर्स अपनी सोच और कार्य संस्कृति में आवश्यक बदलाव लाएंगे और संवेदनशील भी बनेंगे।

दोपहर 12:22 बजे हाईकोर्ट परिसर पहुंचे राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय समेत 640 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की रिमोट दबाकर आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने न्याय प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए आधी आबादी की बल दिया। उन्होंने कहा कि सामान्यतया महिलाओं में न्याय की प्रवृत्ति का अंश अधिकतम होता है। भले ही इसके कुछ अपवाद भी होते हों, लेकिन उनमें सबको न्याय देने की प्रवृत्ति होती है।उनमें न्याय दिलाने की मानसिकता व संस्कार होते हैं। मायका हो, ससुराल हो, पति या संतान हो, कामकाजी महिलाएं सबके बीच संतुलन बनाते हुए भी अपने काम में उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। सही मायने में न्याय की अवधारणा पर आधारित समाज की स्थापना तभी संभव हो सकेगी, जब न्याय के क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़े। राष्ट्रपति ने चिंता जताई कि उच्चतम और उच्च न्यायालयों को मिलाकर देश में महिला न्यायाधीशों की संख्या 12 प्रतिशत से भी कम है। अगर हमें संविधान के समावेशी आदर्शों को प्राप्त करना है तो, सफलता तभी मिलेगी जब देश की न्याय व्यवस्था में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

ऐसे में न्यायपालिका में भी महिलाओं की संख्या को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि देश के इस विशालतम उच्च न्यायालय में महिला वकीलों, न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए। मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के तीनों अंगों मुझे विधायिका, कार्यपालिका, विधायिका से जुड़कर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। न्याय पाने के लिए गरीब लोगों के संघर्ष को मैंने नजदीक से देखा है। न्यायपालिका से के लिए न्याय पालिका से सभी को उम्मीदें तो होती हैं, लेकिन फिर भी सामान्यतया लोग न्यायपालिका की मदद लेने से हिचकिचाते हैं।

न्यायपालिका के प्रति लोगों के विश्वास को और बढ़ाने के अधिक लिए इस स्थिति को बदलना जरूरी है। सभी को समय से न्याय मिले, न्याय व्यवस्था कम खचीर्ली हो, समान्य आदमी की समझ में आने वाली भाषा में निर्णय लेने की व्यवस्था हो और खासकर महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय प्रक्रिया में भी न्याय मिले,यह हम सबकी जिम्मेदारी है। यह तभी संभव होगा, जब न्याय व्यवस्था से जुड़े सभी स्टेट होल्डर्स अपनी सोच और कार्य संस्कृति में आवश्यक बदलाव लाएंगे और संवेदनशील भी बनेंगे। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति विनीत सरन, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के अलावा इलाहाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुनीश्वर नाथ भंडारी और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह उपस्थित थे।



इलाहाबाद हाईकोर्ट में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राष्ट्रपति



कार्यक्रम के दौरान उद्बोधन देते महामहिम



कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### सुप्रीम कोर्ट में चार महिला न्यायाधीशों की संख्या इतिहास में सबसे अधिक

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि पिछले महीने न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी का नया इतिहास रचा गया है। सर्वोच्च न्यायालय में तीन महिला न्यायधीशों समेत नौ की स्वीकृति प्रदान की है। कुल 33 न्यायाधीशों में चार महिला न्यायधीशों की उपस्थिति न्यायपालिका के इतिहास में सबसे अधिक संख्या है। इन में एक महिला चीफ जस्टिस बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के रूप में उन्होंने खुद देखा है कि अधिकांश अधिवक्ताओं, उनके सहायकों और वादकारियों को सुविधाओं के अभाव में किस तरह अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### लंबित मुकदमों में तेजी लाना जरूरी

**प्रयागराज।** जनसाधारण में न्यायपालिका के प्रति विश्वास और उत्साह को बढ़ाने के लिए लंबित मामलों के निबटारे में तेजी लाने से लेकर सवार्डिनेट ज्यूडिशियरी की दक्षता बढ़ाने तक कई पहलुओं पर अनगिनत प्रयास करते रहना समय की मांग है। सवार्डिनेट ज्यूडिशियरी के लिए पर्याप्त सुविधाएं बढ़ाने,जजों की नियुक्ति के साथ ही बजट प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त संसाधन बढ़ाने से हमारी न्याय प्रक्रिया को और मजबूत आधार मिलेगा।

# पूर्व राज्यपाल के घर पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार की शाम पश्चिमी बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के घर पहुंचे। सिविल लाइंस स्थित उनके आवास पर राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इलाहाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मुनीश्वर नाथ भंडारी, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, केशरी देवी पटेल, सिद्धार्थ नाथ सिंह भी पहुंचे। 20 मिनट की मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने केशरी नाथ त्रिपाठी के स्वास्थ्य के बारे में पूछा। कहा कि आपको दूसरी जिंदगी मिली है, इसलिए अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखें। मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने परिवार के सभी सदस्यों का हालचाल लिया। हालांकि इस दौरान दोनों में ही कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। केशरी नाथ त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ वह प्रदेश भाजपा संगठन में काम कर चुके हैं। इस वजह से वह उनके पुराने राजनीतिक सहयोगी रहे। उनके जब प्रयागराज आगमन की सूचना मिली तो अनुरोध किया था कि समय निकालकर मेरे घर जरूर आएं। इस बहाने साथ में एक कप चाय हो जाएगी। राष्ट्रपति ने तुरंत ही उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया और प्रयागराज आगमन के दौरान उनके घर आने की बात कही। केशरी नाथ के अनुसार मुलाकात बहुत ही अच्छी रही। मुझे बहुत अच्छा लगा कि मेरे अनुरोध पर राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल, मुख्यमंत्री और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस भी पहुंचे। केशरी नाथ ने बताया कि राष्ट्रपति ने मुझे नियमित रूप से हल्के व्यायाम करने का सुझाव दिया। शाम पौने पांच बजे राष्ट्रपति, राज्यपाल, सीएम उनके आवास से चले गए।



राष्ट्रपति शनिवार शाम पें बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के घर उनसे मिलते।

### पूर्व राज्यपाल के घर में बने मंदिर की राष्ट्रपति ने की तारीफ

केशरी नाथ त्रिपाठी के सिविल लाइंस स्थित आवास में बने मंदिर की राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने तारीफ की। तीनों ने ही कहा कि उनके आवास में बना मंदिर बहुत ही अच्छा है। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आवास के भीतर दीवार पर बनी पेटिंग की तारीफ की।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक

**कोराव।** कोराव मे सुनील कुमार द्विवेदी सयोजक जिला युथ काग्रेस की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे जिला अध्यक्ष सूरज शुक्ला के द्वारा युवा लोगों से वर्तमान समाज में फैली कुरीतिया झूठी सरकार के वादों को बेनकाब करने और संगठन को मजबूत करके युवाओं को यूथ कांग्रेस से जुड़ने के लिए कहा गया ।और यह भरोसा दिलाया की समाज के हर वर्ग और व्यवस्था को दुरुस्त करने की लडाई लड़ी जाएगी । सुनील द्विवेदी के नेतृत्व मे दर्जनों युवाओं ने बैठक में हिस्सा लिया । जिसमे प्रमुख रूप से सूरज शुक्ला, सुनील कुमार द्विवेदी, प्रमोद तिवारी, इरफान अली, मनोज, शकील, सुशील कुमार,राहुल मिश्र, प्रदूम तिवारी, मुमताज आदि उपस्थित रहे।

# जिंदा लाश और अभिलेखों में मुर्दा श्रीमती मालती देवी पाल

**लेखपाल कानूनगो का कमाल महिला को मुर्दा कर उसकी जमीन कर दिया काश्तकार के नाम, लेखपाल कानूनगो और सरहंग काश्तकार तथा बिचौलिए के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजे जाने की मांग**

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोरांव तहसील में जिंदा को मुर्दा बना बना कर संपत्ति हड़पने के मामले कई हो गए किंतु किसी को राजस्व अफसरों ने सबक नहीं सिखाया जिससे धोखेबाजों और उनके सागिर्द राजस्व क्रमचारियो के होंसले बुलंद हैं। बता दें कि ग्राम अल्हवा निवासी सुखलाल पटेल पुत्र पन्ना लाल द्वारा अपने रिश्तेदार लेखपाल देवघाट को पटा कर ग्राम महुली निवासी मालती पाल पुत्र सुखलाल पाल की ग्राम देवघाट में स्थित भूमि को ऐंठने के लिए जिंदा मालती को मृतक दिखा कर अपने नाम करा लिया। और साल भर चुप्पी साधे बैठा रहा। तीन दिन पूर्व जब मालती देवी ने अपनी खाता की खतौनी सहज जन सेवा केंद्र देवघाट से निकलवाई तो पता चला वह वर्ष दो हजार बीस में ही मर चुकी है।। और उसकी जमीन किसी दूसरे के नाम यानी लेखपाल के रिश्तेदार और घूसखोर कानूनगो बड़ोखर राम आसरे की कृपा से भू अभिलेखों में दर्ज हो चुकी है। जिसकी शिकायत तहसीलदार कोराव से की गई तो उन्होंने एक दूसरे कानूनगो को जांच सौंप दी। फिर क्या था फ्राड कर्ता बचने के लिए और फ्राड करने वाले लेखपाल कानूनगो को बचाने के लिए धन वर्षा करने लगा। सुनवाई कार्यवाही में विलम्ब देख अधिवक्ताओं ने पिरिता को न्याय दिलाने तथा फ्राड कताओं के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए आठ सितंबर को उप जिलाधिकारी कोराव को प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने शिकायती प्रार्थना पत्र अपने पास रख लिया। और कार्यवाही का आश्वाशन दिया। इस संबंध में जिंदा से मुर्दा हुई मालती अपनी जिंदा लाश जिले के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के सामने पेश हो कर भूमि को अपने नाम कराने वाले सुखलाल पटेल तथा लेखपाल देवघाट एवम कानूनगो बड़ोखर आदि के खिलाफ प्रथिमिकी दर्ज कर जेल भेजे जाने की मांग करेगी। चर्चा है कि महिला मालती की उक्त जमीन बेचे जाने की भी तैयारी थी। अगर खतौनी न लेती तो उसकी जमीन अपने नाम कराने वाले फ्राड कर्ता दूसरे के नाम बैनामा भी कर देता ।तहसील अधिकारी अपने कर्मियों को बचाने के लिए कार्रवाई करने से आना कानी कर रहे हैं। मालती देवी के पति सुखलाल पाल सहित उनके आधा दर्जन पुत्रों बहुओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जा कर मिलने और दोषियों को जेल भेजे जाने की मांग करेंगे।इसी प्रकार उक्त सुखलाल पटेल ने अल्हवा गांव की एक और महिला लालती देवी पत्नी शुकरन पाल की भी जमीन जो पक्की रोड के किनारे है जिसे फर्जी ढंग से राजस्व कर्मियों को पटा कर एक बटा तीन के हिस्से दार बन गया । गरीब महिला न्याय के लिए दर दर भटक रही है। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। चकबंदी वालों ने भी लम्बी रकम ले कर उक्त महिला लालती देवी पत्नी सुकरन की जमीन हड़प लेने पर कोई कार्यवाही नहीं की। इससे राजस्व विभाग पर किसानों का विश्वास उठता जा रहा है।



जिंदा मालती देवी



प्रधान के खिलाफ थाने का घेराव करते गांव के लोग

## प्रधान डाडो के आतंक के खिलाफ ग्रामीणों ने किया करछना थाने का घेराव

**शराब पीकर आतंक फैलाने व मारपीट करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

**करछना।** ग्राम सभा डाडो के प्रधान द्वारा लोगों को गाली देने के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश और जनता ने किया थाने का घेराव करछना थाना के अंतर्गत डाडो गांव में प्रधान मिथिलेश कुमार पटेल उर्फ राजू का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रही है! जिसे लेकर आज बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष व युवतियों द्वारा थाने में पहुंचकर करछना थाने का घेराव किया! जहां ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान के आतंक को लेकर आधा दर्जन से अधिक शिकायती पत्र देखकर कार्रवाई करने की मांग की! जिससे ग्रामीणों द्वारा महिलाओं व युवतियों से शराब के नशे में मारपीट व गोली मारने आदि की बात उपनिरीक्षक नंदन सिंह को सामूहिक रूप से बताया जिस पर उपनिरीक्षक नंदन सिंह ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में देकर कार्यवाही करने का आश्वासन देने पर ग्रामीण माने और वापस चले गए! वही प्रधान डाँडो मिथिलेश कुमार पटेल की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है अभी पांच दिन पहले गांव की एक नाबालिग लड़की के अगवा होने में भी प्रधान का नाम सामने आया था ।

## तमंचा व बाइक संग दो अभियुक्त को सहसों पुलिस ने धर दबोचा

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के हनुमान गंज रोड पर स्थित सहसों अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने से अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश अभियान के तहत शुक्रवार की रात करीब पौने ग्यारह बजे दो अपराधियों को मुखबिर खास की सूचना पर चौकी प्रभारी सहसों भीष्म नारायण सिंह मय हमराह के साथ घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों मुकुंद पटेल पुत्र लालता प्रसाद 31 वर्ष निवासी फाफामऊ थाना फाफामऊ व अभिषेक कुमार शुक्ला उर्फ कुन्दन पुत्र विजय कृष्ण 19 वर्ष निवासी लीलापुर खुर्द थाना सराय इनायत को गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता अधिनियम के तहत आर्म्स एक्ट एवं संबंधित धाराओं में निरूद्ध करते हुए थाना सराय इनायत में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। अपराधियों के पास से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल बगैर नंबर प्लेट व एक अदद देसी तमंचा नाजायज बरामद हुआ। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक भीष्म नारायण सिंह प्रभारी चौकी सहसों, हेड कांस्टेबल श्याम नारायण यादव, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल शमीम अहमद व कांस्टेबल साहब सिंह शामिल रहे।

# फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने से विभिन्न संगठन नाराज

**सेमरा गांव में पहुंच रहे विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक दल**

**पासी विवाह कल्याण समिति व डा० भीमराव अम्बेडकर एकता मंच के पदाधिकारियों ने दिया मदद का आश्वासन**

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** बहादुरपुर विकास खण्ड के सेमरा गांव में ग्राम रोजगार सेवक अनिल कुमार सरोज के साथ दबंगों द्वारा मारपीट करने व उनके पिता की निर्मम हत्या किए जाने पर शनिवार को बार एसोसिएशन तहसील फूलपुर के महामंत्री एडवोकेट दिलीप कुमार आजाद के साथ एडवोकेट केतन यादव, एडवोकेट बृजेश गौतम व पत्रकार विजय चंद्र विश्वकर्मा ने मृतक के घर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। एडवोकेट दिलीप कुमार आजाद ने शोक संतृप्त परिवार को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया और कहा कि आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने पहुंचे पासी विवाह कल्याण समिति के महामंत्री राम अभिलाष सरोज ने कहा कि शासन पीड़ित परिवार को भूमि का आवंटन करने के साथ ही शस्त्र लाइसेंस जारी करे। वहीं डा०अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच अधिवक्ता मोर्चा के संयोजक भास्कर पासवान ने कहा कि अगर जल्द ही पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो जनपद के उच्चाधिकारियों का घेराव किया जाएगा। मौके पर एडवोकेट बृजेश गौतम,ओम प्रकाश भारतीय, रामसिंह पासी,वेद पाल, सहित अन्य अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सेमरा गांव पहुंचे डा० भीमराव अम्बेडकर एकता मंच के पदाधिकारी भास्कर पटेल व फूलपुर तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री दिलीप कुमार आजाद

## प्रसपा के जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव आज पहुंचेंगे सेमरा गांव

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य दीनानाथ यादव रविवार को सेमरा गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि पुलिस ने अभी तक सिर्फ एक आरोपी को ही गिरफ्तार किया है। बाकी के दो आरोपी फरार हैं। उन्होंने कहा कि अगर 24 घंटे में पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो हम कोतवाली के साथ ही सम्बन्धित थाने का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

## सेमरा गांव में परिजनों को शांत्वना देने पहुंचे पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज

**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में गत दिनों दो पक्षों में मारपीट के दौरान एक पक्ष के गणेश भारतीय को गंभीर चोट लगने से मौत हो गई थी। मामले में तीन लोग नामजद किए गए जिसमें से मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर रही है। मामले में शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मन्त्री उत्तर प्रदेश इंद्रजीत सरोज मृतक गणेश भारतीय के घर सेमरा गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नामजद में मुख्य आरोपी तो गिरफ्तार हो गया परंतु दो अन्य लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। इसके अतिरिक्त परिजनों द्वारा पांच सूत्रीय मांग पत्र को शीघ्र सरकार पूर्ण करें। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा उक्त बातें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाई जाएंगी तथा मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद की जाएगी। इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष योगेश चंद्र यादव, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, संदीप पटेल, सुषमा पासी, गीता पासी, राम सुमेर पाल, अभिनव यादव, पंधारी यादव, पूरन पासी, रमेश पासी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित होकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।



# प्रतापगढ़ संदेश

## अपराधियों पर शिकंजा कसने पर व्यापार मण्डल ने की पुलिस की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के प्रतिष्ठान पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया। बता दें कि कुछ दिन पूर्व पट्टी तहसील के रखहा बाजार के व्यवसाई आकाश जायसवाल सुपुत्र रवीन्द्र जायसवाल (एडवोकेट) और उसके साथी पर बदमाशों ने गोलियों की बौछार की, जिसमें आकाश जायसवाल की मृत्यु हो गई और उसका साथी जीवन मृत्यु से जूझ रहा है।

उपरोक्त घटना की जानकारी होने पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी अपने प्रतिनिधि मण्डल के प्रां. उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, जिला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल, पट्टी बाजार के अध्यक्ष राम उमरवैश्य और महामंत्री घनश्याम घायल सहित मृतक व्यवसाई आकाश जायसवाल के पीड़ित परिजनों से मिलने चार सितम्बर) को रखहा बाजार गए। वहां उन्होंने मृतक व्यवसायी आकाश के परिजनों को व्यापार मंडल द्वारा हर संभव स्तर पर साथ देने का आश्वासन देने के साथ ही उनके द्वारा उठाई गई मांगों को उचित बताते हुए, धैर्य बंधाया और प्रशासन से अपराधियों के अविलंब पकड़े जाने की हुंकार भरी। इसी के दो-तीन दिन बाद जलेसरगंज बाजार में राइस मिल व्यवसाई मनीष कुमार को गोली मारकर लूटने का प्रयास किया। इस घटना से आक्रोशित, वहां के व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव केसरवानी समस्त पदाधिकारियों व व्यापारियों को लेकर धरने पर बैठ गए और प्रशासन से अपराधियों के पकड़े जाने की मांग करने लगे, जिस पर पुलिस प्रशासन के एल.आई.यू. इंस्पेक्टर ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी से घटने के अविलंब खुलासे और अपराधियों को पकड़ने का आश्वासन देते हुए, अनुरोध किया कि वे धरने को समाप्त करायें। जिससे पुलिस अपराधियों को पकड़ने की दिशा में कार्य तेजी से प्रारंभ करें। प्रशासन के आश्वासन पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी ने जलेसरगंज बाजार के अध्यक्ष गौरव व वहां के व्यवसायियों से पुलिस प्रशासन को समय देने और पूरा सहयोग देने की बात कहकर धरना समाप्त कराया। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल अपने पूर्वी व पश्चिमी अपर पुलिस अधीक्षकों तथा सीओ व पूरी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई कर इन दोनों घटनाओं रखहा व जलेसरगंज बाजार में लिप्त वांछित अपराधियों को घेराबंदी कर मुठभेड़ में भागने पर गोली मारकर गिरफ्तार किया। उपरोक्त घटनाओं के संदर्भ में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी सहित बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों व व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की सराहना की आभार जताया। बैठक में लखन लाल बाबा, कृष्णा मोहन केसरवानी, सतीश चंद्र सोनी, हरीश कुमार सोनी, अमित कुमार केसरवानी, संजीव जायसवाल, सुरेश केसरवानी, अख्तर राईन, मुन्ना सोनी, दूध नाथ सोनी, सुनील जायसवाल, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार वरिंदर सिंह, सुधीर केसरवानी, नारायण प्रसाद खण्डेलवाल, राहुल केसरवानी इत्यादि लोग मौजूद रहे।



बैठक कर पुलिस अधीक्षक के प्रति जताया आभार

## चेकिंग के दौरान शातिर लूटेरा गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरन्तर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 अमित कुमार चौहान, उ0नि0 तिलक सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र आसपुर देवसरा के तिलियानी पुलिया के पास नहर पटरी पर से एक व्यक्ति अनूप सरोज पुत्र अशोक सरोज नि0 ग्राम बैजलपुर थाना आसपुर देवसरा को एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 210/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियुक्त अनूप सरोज अवैध असलहे से राहगीरों को डरा धमकाकर उनसे उनका सामान व रूपये लूट लेता है। इससे पहले भी यह थाना पट्टी से लूट व अवैध असलहा रखने के मामले में जेल जा चुका है। आज भी यह यहां पर लूटपाट करने के इरादे से आया था, जिसे उक्त पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। पुलिस टीम में उ0नि0 अमित कुमार चौहान, उ0नि0 तिलक सिंह, आरक्षी रामनरेश व आरक्षी गौरव यादव थाना आसपुर देवसरा शामिल हैं।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना कई धाराओं में वांछित अभियुक्त वीरेंद्र सिंह चौहान उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 बन्धारी निवासी पूरे जीत चौधरी का पुरवा को थाना क्षेत्र इंटर कालेज के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है। बता दें कि 9 जून को आरोपी वीरेंद्र सिंह ने सहित नौ लोगों ने गाव की पार्टी बन्दी रंजिश के कारण दूसरे पक्ष के लोगो को लाठी डंडा कुल्हाड़ी आदि से मारा पीटा था जिसमे पीड़ित की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बाकी आरोपी फरार चल रहे है पुलिस दबिश देकर पकड़ने के प्रयास में लगी है।

## कागज पर मिला उज्जवला का कनेक्शन, लाभार्थी को नहीं मिला सिलेंडर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उज्जवला योजना के लिए सरकार भले ही लंबे चौड़े विज्ञापन के जरिए इसे एक महत्वकांक्षी योजना बताएं लेकिन एक महिला को कनेक्शन तो मिला लेकिन उसे आज तक सिलेंडर गैस उपलब्ध नहीं हो सका महिला ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी को शिकायत किया है। तहसील क्षेत्र के परहत पोस्ट अमरगढ़ की रहने वाली सफरुल निशा ने बताया कि उसका उज्जवला गैस में कनेक्शन हो चुका है लेकिन अमरगढ़ में स्थित कान्हा गैस एजेंसी द्वारा उसे कनेक्शन को किसी और को दे दिया गया है आज भी महिला चूल्हे पर भोजन बनाने के लिए विवश है उसने उप जिलाधिकारी से मामले में गैस चूल्हा दिलाने की मांग की है।

### मानसिक संतुलन खराब होने पर महिला की कुएं में गिरने से मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई निवासी अमरावती पत्नी रंगी लाल दर्जी (47) वर्षीय ने शनिवार की भोर पहर प्राइमरी स्कूल के आगे बिराहिमपुर के रास्ते में बने कच्चे कुएं में गिरकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना की खबर मिलते ही गांव में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुची मानिकपुर पुलिस ने विवाहिता को ग्रामीणों की मदद से कुएं में लोहे की फोल्डिंग में दोनो तरफ प्लास्टिक की डोरी बांधकर किसी तरह बाहर निकाला और लिखा पढ़ी करके शव को पीएम के लिए भेजा। मृतक के तीन बच्चे हैं। बड़ा लड़का बम्बई में काम करता है। घटना की खबर मिलते ही घर के लिए रवाना हो गया है। पुलिस घटना के कारण की जांच कर रही है। बताते हैं कि मृतक का मानसिक संतुलन सही न होने से इलाज चल रहा था। मृतक का पति सड़क दुर्घटना में विकलांग हो गया है।

## टीवी शो में प्रतापगढ़ की बहू मंजीत कौर को मिली हॉट-सीट

### आज आओ बनिए गुरसिक्ख प्यारा शो में सवालों का देंगी जवाब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के पंजाबी कालोनी की बहू मंजीत कौर रविवार को 110 देशो में एक बार फिर दिखेगी। आओ बनिए गुरसिक्ख प्यारा क्विज शो रविवार सुबह साढे दस बजे चरदीकला टाइम टीवी पर प्रसारित होने वाला विश्व के प्रसिद्ध पंजाबी क्विज शो की हॉट सीट के लिए मंजीत कौर का चयन हुआ था। कुछ प्रश्नो का सही उत्तर देने के बाद समय समाप्त हो गया।अब रविवार को सीजन 23 व 7 वें एपिसोड में पुनः सिक्ख इतिहास, सिक्खों की उपलब्धियां, गुरूवाणी से संबंधित प्रश्नों के उत्तर रविवार को साढे दस बजे देंगी। बता दें कि वह काफी जदोजहद के बीच बहुत सोच विचार कर प्रश्नों का उत्तर दे रहीं हैं। आओ बनिये गुरसिक्ख प्यारा टीम व गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रतापगढ़ एवम प्रोग्राम के क्वाडीनेटर सरदार मंजीत सिंह गोंबिन्द प्रतापगढ़ एवम दिल्ली की सरोज कौर ने मंजीतकौर कौर व उनके परिवार को बधाई दी। सरोज कौर व मंजीत सिंह गोंबिन्द ने कहा कि जिस तरह से प्रतापगढ़ के सिक्ख बच्चों में उत्साह दिख रहा है इससे उम्मीद है कि जनपद के और बच्चे भी जल्द ही इस प्रोग्राम का हिस्सा। उन्होंने कहा कि तनप्रीत कौर जो पहले इसी प्रोग्राम में आ चुकी हैं। अब मंजीत कौर के टीवी शो में आने से अपना जनपद व सिक्ख कौम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही मंजीत कौर कौर को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ और भी संस्थान सम्मानित करेंगे।




### 126वीं जयंती पर याद किये गये भारत रत्न संत विनोबा भावे

**रामानुज आश्रम में दी गई विनम्र श्रद्धांजलि**

**प्रतापगढ़।** भारत रत्न संत विनोबा भावे की 126वीं जयंती रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग शिवजीपुरम में मनाई गई। इस दौरान उन्हें शत शत नमन विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। धर्माचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा भारत रत्न संत विनोबा भावे प्रथम सत्याग्रही घोषित किए गये थे।

उन्होंने कहा कि विनोबा भावे भूदान आंदोलन चलाकर गरीबों को जमीन मुहैया कराया। प्रतापगढ़ में गौरा तक आए थे और यहां से शाहगंज के लिए गए थे। उस समय आपके साथ पंडित सूर्य बली पांडे एडवोकेट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी तथा पंडित राम लखन पाठक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पैदल यात्रा करते हुए शाहगंज तक गए थे। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे द्वारा भूदान में मांगी गई जमीनों को बाद में बाबू त्रिभुवन नाथ सिन्हा एडवोकेट, पंडित सूर्यबली पाण्डेय तथा पंडित भगवती प्रसाद शुक्ला द्वारा पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय को उनके द्वारा खोले जा रहे विद्यालयों के लिए दान में दी गई थी।

### मंदिर से लौट रहे युवक को आरोपियों ने धुना

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंदिर दर्शन करके और प्रसाद लेकर वापस लौट रहे अपने चचेरे भाई के साथ एक युवक को आरोपियों ने रास्ते में रोक लिया मारपीट की तथा मोबाइल छीन लिया पीड़ित ने मामले में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उदईशाहपुर गांव के रहने वाले रंजन वर्मा सूत रमाशंकर ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने चचेरे भाई शुभम वर्मा तथा मंगल पांडे के साथ सदहा स्थित विशंभर नाथ मंदिर पर दर्शन करने और प्रसाद लेने के लिए गया था रास्ते में लौटते समय तीन युवक उसे रोक लिए कारण पूछने पर उसे मारना प्रारम्भ कर दिए । पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जमकर मारा पीटा मोबाइल में छीन लिया पीड़ित ने आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## नगर पालिका विस्तारित क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कर रही साफ-सफाई

### पड़ाव वार्ड व पटखौली में हुआ एंटी लार्वा का छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अपने विस्तारित क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में साफ-सफाई योजनाबद्ध ढंग से कर रही है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कुल छह वार्ड बढे हैं।

उन्होंने बताया कि पहले 25 वार्ड थे, अब 31 वार्ड हो गये हैं। विस्तारित क्षेत्र में अभी साफ-सफाई की अधिक आवश्यकता है जिसके तहत नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में रोस्टर बनाकर विस्तारित क्षेत्रों की सफाई की जा रही है। शनिवार को देवकली में 12 सफाई कर्मी सफ-सफाई में लगे रहे। कोई झाड़ू लगा रहा था तो कोई नाली साफ कर रहा था। इसके अलावा शहर में स्टेट बैंक से लेकर राजापाल टंकी तक नाले की सफाई की गई। साफ-सफाई के अलावा शहर में शाम को फागिंग तथा दिन में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। शनिवार को अस्पताल वार्ड व दहिलामऊ पूर्वी व पश्चिमी में फागिंग की गई तथा पड़ाव वार्ड व पटखौली में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। शासन के निर्देशों के अनुसार डेंगू बुखार व संक्रामक रोगों के विरुद्ध फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है।



## कोर्ट की फटकार पर दो लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ युवक की हत्या का मुकदमा

### परेशान पीड़िता ने कोर्ट में लगाई थी न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट की फटकार पर लालगंज कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ युवक की हत्या का मुकदमा शनिवार को दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कोठार मंगोलेपुर गांव निवासी शिवराम जायसवाल की पत्नी निर्मला जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते वर्ष उन्नीस अक्टूबर की शाम करीब सात बजे बाइक से गांव के यश कुमार उर्फ दुर्गेश जायसवाल पुत्र मनीराम जायसवाल तथा तिलौरी गांव निवासी शहजाद पुत्र शरीफ उसके यहां पहुंचे।

आरोपीगण चाट खिलाने की बात कहते हुए उसके बेटे विशाल जायसवाल (26) को बाइक से लेकर चले गये। काफी देर तक विशाल के घर न लौटने पर परेशान पीडिता ने खोजबीन शुरू की। इसी बीच दोनों आरोपी घर पर पहुंचे और बताया कि घर से करीब चार किलोमीटर दूर एक चबूतरे से टकरा जाने से घायल होकर विशाल की मौत हो गयी है। यह सुनते ही पीड़िता भागकर मौके पर पहुंची तो बेटे को मृत देख रोने बिलखने लगी। पीड़िता के अनुसार उसके बेटे के शरीर पर मारने पीटने से चोट के निशान मौजूद थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया लेकिन तहरीर देने के बाद जांच के नाम पर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई नही किया। परेशान पीड़िता ने कोर्ट मे न्याय की गुहार लगाई।

कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी यश कुमार उर्फ दुर्गेश एवं शहजाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चार लोगों के खिलाफ मारपीट गालीगलौज व दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट एवं बकरी चोरी, गाली-गलौज आदि के विवाद को लेकर पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी एवं दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बरीबोझ गांव निवासी रामअधार के पुत्र रबूदी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती नौ सितंबर को दोपहर करीब एक बजे बकरी, टार्च, मोबाइल चोरी हो जाने के मामले को लेकर वह उलाहना देने गांव के रामसजीवन यादव के घर गया था।

पीड़ित का आरोप है कि वहां रामसजीवन यादव व उसके बेटे बृजेश, निर्भय व अभय यादव ने उसे जमकर मारापीटा। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज किया। शोर मचाने पर गांव वालों को आते देख जान से मारने की धमकी भी दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामसजीवन यादव समेत चार लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न, मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। वहीं विपक्षी बृजेश यादव पुत्र रामसजीवन यादव निवासी बरीबोझ की तहरीर पर पुलिस ने रबूदी, बृजपाल, श्यामराज व राहुल के खिलाफ पीड़ित तथा पीड़ित के भाई के साथ मारपीट, गालीगलौज व धमकी का मुकदमा भी दर्ज किया है।

### मोक्षदा जल धारा का समाज शेखर ने किया स्थलीय भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद की आंवला नगरी के पीछे कमास ग्राम में अति प्राचीन मोक्षदा जल धारा के पुनरोद्धार की वजह से धारा के आस पास के सैकड़ो एकड़ भूमि पर हरियाली ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। इस जल धारा के संरक्षण व विकास हेतु स्थानीय कार्यकर्ताओ की मदद से गत 2016 से सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर प्रयास कर रहे है। समाज शेखर ने स्थानीय राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा संघ के संयोजक तथा मोक्षदा संरक्षण समिति के समन्वयक श्लोक मिश्र के साथ स्थल का भ्रमण कर प्रभाव का अध्ययन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने कहा कि यह जल धारा अपने आप मे कई रहस्य लिए हुए है। जो धीरे धीरे प्रकाश में आएगी। उन्होंने बताया कि अब जिला प्रशासन से दोनों चेक डैम के मध्य एक चेक डैम और बनाने की मांग की जाएगी।

### कालाकांकर में बिजली विभाग की विजलेंस टीम का छापा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेन्द्र कालाकांकर से जुड़े क्षेत्र कालाकांकर में शनिवार को अचानक बिजली विभाग के विजलेंस टीम का छापा पड़ने से हड़कम्प मच गया, जिसमें चेकिंग के दौरान कई उपभोक्ताओं का बकाया न जमा करने पर चोरी से बिजली का इस्तेमाल करते समय केबिल सहित पकड़ा, जो कार्रवाई के लिए एसडीओ कुंडा अविनाश अग्रहरि को अवगत कराया। इस दौरान अफरा-तफरी मची रही। जबकि दो-तीन दिन पूर्व बकायेदारों को नोडल अधिकारी कालाकांकर सुनील कुमार ने बकाया जमा करने के लिए नोटिस दिया था।

### चिकित्सक ने एमआर को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के राजापाल टंकी के पास प्राइवेट हास्पिटल के एक चिकित्सक ने एक एमआर को थप्पड़ जड़ दिया जिस पर एमआर ने अपने साथियों के साथ चिकित्सक के खिलाफ हास्पिटल में धरना दे दिया। इस दौरान चिकित्सक हास्पिटल से भाग निकला। बता दें कि आए दिन हास्पिटल हॉस्पिटल संचालकों के यहां ऐसी घटनाएं होती रहती है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई संज्ञान नहीं लेता।

### राज्य स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन के राज्य स्तरीय निगरानी समिति (स्वच्छकार विभूक्ति एवं पुर्नवासन अधिनियम-2013 एम0एस0एक्ट सदस्य राज्य सलाहकार समिति प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना) के सदस्य धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि ने अपने एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में विभागीय अधिकारीगणों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत चिन्हित किये गये ग्रामों में बिजली, पानी, सड़क, सफाई, स्वास्थ्य शिक्षा, शौचालय सहित अन्य सभी सुविधायें मुहैया करायी जाये। उन्होने यूपी सिडको द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत गैप फिलिंग के कार्यो हैण्डपम्प, नाली, इण्टरलाकिंग, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट की जानकारी ली।

## थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/पट्टी।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जेठवारा में पहुॅचकर शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना एवं उसके निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियो को दिया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर मुवायना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को अविलम्ब सम्बन्धित रजिस्टर पर अंकित कर कृत कार्यवाही हेतु सम्बन्धित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। पट्टी संवाददाता के मुताबिक पट्टी कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी पट्टी ने किया समाधान दिवस में कुल 17 मामले आए जिसमें एक का त्वरित निस्तारण कर दिया गया राजस्व के कुल 11 मामले तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित कुल 4 मामले आए कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी पट्टी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया मौके पर कोतवाल गणेश प्रसाद सिंह तहसीलदार श्रद्धा पांडे नायब तहसीलदार राज कपूर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दो साल बाद मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो साल पहले 11 सितंबर 2019 को पट्टी तहसील आ रहे एक बाइक सवार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया था जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। वह इलाज कराने के बाद पट्टी कोतवाली में अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध शनिवार को मामला दर्ज करवाया। पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के थाना चांदा स्थित हड़िया सरपतहा गांव की रहने वाली सुमन चौरसिया का पति राजमणि चौरसिया 11 सितंबर 2019 को पट्टी चांदा मार्ग पर महरूपुर गांव गेट के पास रोड के किनारे खड़ा था तभी एक अज्ञात डंपर चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उसकी बाइक से टक्कर मार दिया जिससे उसे गंभीर चोटें आई उसका इलाज इलाहाबाद स्थित एक अस्पताल में चल रहा था। पीड़िता ने इस मामले में पट्टी कोतवाली में तहरीर दी है तो पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न प्राविधान पर हुई चर्चा

### केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला में आयोजित हुआ व्याख्यानमाला

अखंड भारत संदेश

**घोसिया।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति तृतीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न प्राविधान विषयक ऑफलाइन व्याख्यानमाला सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की लगभग 50 से अधिक छात्राओं ने सोशल डिस्टेंसिंग का समुचित पालन करते हुए सफल प्रतिभाग किया। विषय प्रवर्तन करते हुए मिशन शक्ति फेज-3 के संयोजक अनुज कुमार सिंह ने सर्वप्रथम महिला सुरक्षा पर केंद्रित आज के विषय जैसे महिला सुरक्षा के विविध प्राविधानों वूमन हेल्पलाइन नंबर 1090 181 108 चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 आदि के बारे में बताया। उन्होंने साइबर क्राइम जो कंप्यूटर या इंटरनेट के माध्यम से अवैध कार्य होते हैं जैसे कि स्पैम ई-मेल हैकिंग फिशिंग वायरस को डालना इंटरनेट धोखाधड़ी टेलीमार्केटिंग क्रेडिट कार्ड अकाउंट की चोरी आईपीसी में धारा 503 धारा 463 66थ् साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 155260 के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने पाक्सो एक्ट जिसमें बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण पोर्नोग्राफी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा जो कानून बनाया गया है उसके बारे में भी छात्राओं को बताया।कहा कि आई.पी.सी की तुलना में पाक्सो एक्ट ज्यादा कड़ा और सख्त कानून है और इसमें 12 वर्ष तक की बच्ची से रेप के दोषियों को मौत की सजा भी अब मिल सकती है। उन्होंने दहेज प्रथा निषेध अधिनियम 1961 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित कानून पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट आदि के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं उपनिरीक्षक कोतवाली औराई वीरेन्द्र यादव ने छात्राओं को बिना डरे एवं बेझिझक अपनी बातों एवं अपनी समस्याओं को कहने एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर खास करके वुमन पावर लाइन जिसका टैगलाइन है हमारी सुरक्षा मोबाइल हाथ में 1090 साथ में जो कि छेड़छाड़ गुंडागर्दी घरेलू हिंसा आदि से निपटने के लिए तुरंत इस पर सूचना देने की बात की उन्होंने अपना एवं कोतवाली औराई का सी.यू.जी नम्बर भी किसी विषम परिस्थितियों के लिए छात्राओं को नोट कराया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जब तक आप प्रतिक्रिया नहीं करेंगी कोई आपको परेशान नहीं करेगा। महिलाएं आज हर क्षेत्र में काम कर रही हैं उन्हें कभी भी किसी भी स्तर पर सहन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर वह आगे शिकायत करेंगी तो सजा भी निश्चित रूप से अपराधी को मिलेगी। उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों एवं छात्राओं को अपना विशिष्ट सलाह दिया। उन्होंने छात्राओं को बिना डरे बेबाक तरीके से अपनी बात कहने पर जोर दिया। आज के समय में छात्राएं एवं महिलाएं किसी से कम नहीं है एवं सरकार भी उन्हें सशक्त एवं मजबूत करने के लिए विभिन्न कानूनी प्रावधान किए है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वृज किशोर त्रिपाठी ने सर्वप्रथम मुख्य वक्ता एवं अन्य आरक्षी गणों का महाविद्यालय में स्वागत किया एवं आगे भी इस तरह के व्याख्यान आयोजित करने पर बल दिया। अंत में सह संयोजक जयकुमार ने सेमिनार में प्रतिभाग कर रहे औराई कोतवाली के मुख्य वक्ता अन्य आरक्षी गण प्राध्यापक गण एवं प्रतिभाग कर रही समस्त छात्राओं को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सनातन सेना के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए रामेश्वर सिंह

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** जिले के परऊपुर गांव निवासी शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र डॉ रामेश्वर सिंह को सनातन सेना किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इनका चयन सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनुपमा सिंह के अनुमोदन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। यह जानकारी देते हुए सनातन सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता जय कुमार सिंह ने बताया कि कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने एवं किसानों की समस्याओं को लेकर चिंतित रहने एवं उनके समाधान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके कार्यो से प्रभावित होकर डॉ रामेश्वर सिंह को सनातन सेना किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष पर नियुक्त किया गया है और आशा की जाती है कि भविष्य में किसानों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। आज उनको गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। बता दें कि शहीद झूरी सिंह स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। वहां पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में दिनेश कुमार सिंह, महेश सिंह, आशीष सिंह, सुखराज सिंह, नन्हे सरोज, वीरेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार आदि लोग रहे।

### बैठक आज

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** रविवार को महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला कार्यसमिति भदोही की बैठक बी डीएम पब्लिक स्कूल मे चौरी बाजार के पास बरदहा पाल चौराहा पर सुबह 10 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। बैठक में जनपद की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व सहायिकाओं की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे संघ के संरक्षक जयकुमार सिंह का आगमन हो रहा है। यह सूचना संघ की जिला अध्यक्ष अंगीता मौर्या ने दी है।

## अवैध मिट्टी खनन में तीन ट्रैक्टर जेसीबी सीज

अखंड भारत संदेश

**चौरी।** थाना क्षेत्र के मानिकपुर स्थित नदी के किनारे शुक्रवार को अवैध मिट्टी के खनन की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुच गई। पुलिस के सामने खनन कर रहे लोगो में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान जेसीबी सहित तीन ट्रैक्टर पकड़ में आ गया। सभी वाहनों को पुलिस थाने ले गयी। बताया जाता है कि लम्बे समय से मोरवा नदी के किनारे हो रहे अवैध मिट्टी के खनन की सूचना पर राजस्व टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स भी पहुच गई। शनिवार की शाम अचानक पुलिस व राजस्व कर्मचारियों को देख हर कोई वाहन लेकर भागने लगा। इस बीच पुलिस सहित राजस्व कर्मी कानून गो व हल्का लेखपाल एक जेसीबी के अलावा तीन ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। बता दे कि मोरवा नदी के किनारे लम्बे समय से खनन माफिया मनमाने ढंग से मिट्टी खोदते चले आ रहे है। जिससे नदी का पानी काफी दूर तक बरसात के दिनों में फैलता है और खुदाई के कारण खतरा भी बना रहता है। तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने बताया कि शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। जेसीबी व ट्रैक्टर को पुलिस को सुपुर्द कर मामले की जांच की जा रही है ।

### भदोही के युवक की वाराणसी के जंसा थानाक्षेत्र में धारदार हथियार से हत्या

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव निवासी युवक की शुक्रवार को बीती रात वाराणसी जनपद के थानाक्षेत्र जंसा अंतर्गत नयेपुरा जलालपुर गांव में किसी धारदार हथियार से गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई। बंद कमरे में हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए हैं। मृतक भदोही जिले के कोतवाली क्षेत्र ज्ञानपुर के गिरधर गांव निवासी बैजनाथ यादव का पुत्र मनोज यादव 30 वर्ष बताया गया है। एसपी ग्रामीण के अनुसार मृतक के जेब से कारतूस बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार वह कहीं से घर लौट रहा था। इस बीच जंसा थानाक्षेत्र के नयेपुरा जलालपुर गांव में बंद पड़े डेयरी फार्म में शुक्रवार को दोपहर धारदार हथियार से कटा शव कुर्सी पर बरामद किया गया। मृतक की किसी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। उसके मौत की खबर पर आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। भदोही के गिरधरपुर निवासी उक्त युवक की किन परिस्थितियों में हत्या की गई है यह अभी तक रहस्य के गर्त में है। घटना का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रधानाचार्य द्वारा छेड़खानी के मामले में कॉलेज में पहुंची विशाखा टीम

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के एक राजकीय हाई स्कूल में पिछले दिनों सहायक अध्यापिका द्वारा प्रधानाचार्य पर छेडखानी के आरोप लगाए जाने के मामले में राजकीय हाई स्कूल में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर विशाखा टीम ने पहुंचकर मामले की जांच की। ज्ञात हो कि सुरियावा थाना क्षेत्र के एक राजकीय हाईस्कूल की एक अध्यापिका ने अपने ही प्रिंसिपल पर छेडखानी का आरोप लगाया था ।सहायक अध्यापिका की तहरीर पर प्रिंसिपल लालचंद गौतम पर छेडखानी का मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद शनिवार को डीआईओएस के निर्देश पर दो महिला व एक पुरुष की विशाखा टीम ने राजकीय हाई स्कूल में पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले की सघन जांच की।

## महिलाओं ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव

### महिला जागरुक मंच के बैनर तले हुआ कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** महिला जागरुक मंच के तत्वाधान में शनिवार स्टेशन रोड स्थित होटल शिराज में तीज उत्सव धूमधाम सेमनाया गया। संस्था के बैनर तले नगर की महिलाओं ने गीत संगीत व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच तीज क्वीन, बेस्ट बहु व बेस्ट सास चुना गया जिन्हें संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। संस्था की संस्थापिका संगीता खन्ना ने कहां कि इस तरह के कार्यक्रम से आप मेल मिलाप व महिलाओं को अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है। एक दुसरे से भेट का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि महिला जागरुक मंच महिला सशक्तिकरण सहित शिक्षा का स्तर उठाने को लेकर सदैव से गम्भीर रही है। अति गरीब परिवारो की मदद भी संस्था का मुख्य उद्देश्य है।संस्थापिका के कहा कि संस्था



नगर की सभी महिलाओं को जोड़ना चाहती है। जिससे महिला शक्ति व महिला कल्याण पर कार्य हो सके। इस दौरान सगीता खन्ना, डा पूनम मौर्य, सलिनी गुप्ता, किरन पोद्दार, आशा टिबरेवाल, रश्मि ठकुराल, सीमा, अमीता सहगल, सरिता गोयल, मीरा बरनवाल, सत्यशाल जायसवाल, अर्चना सिंह, महुवा शाह, ममता बरनवाल, अलका बरनवाल, सुनीता गुप्ता, लाली, नंदनी गुप्ता, पूजा जायसवाल आदि उपस्थित रही।

## मॉडल विद्यालय चककलुटी में 315 बच्चों को बांटी गईं किताबें

### ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष ने बच्चों में बांटी किताबे

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** कोरोना काल में स्कूल और पाठ्य पुस्तकों से दूर रहने वाले बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का कार्य धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा था। कोरोना की दूसरी लहर से काफी हद तक मुक्ति मिलने के बाद अब कक्षा एक से पांच तक विद्यालयों का भी संचालन किया जा रहा है। लंबे समय बाद स्कूलों के खुलने से बच्चों की संख्या भी अच्छी-खासी देखने को मिल रही है।

आज अंग्रेजी माध्यम के माडल विद्यालय में 330 बच्चों के सापेक्ष कुल 315 बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इंग्लिश मीडियम के प्राथमिक विद्यालय चककलूटी, ज्ञानपुर पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कक्षा एक से पांच तक के कुल 315 बच्चों को किताबों का सेट प्रदान किया गया। पुस्तक वितरण का कार्य



ग्राम प्रधान विनय कुमार यादव, एसएमसी अध्यक्ष रामरतन यादव और प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने किया।

प्राथमिक विद्यालय चककलूटी अंग्रेजी माध्यम का माडल विद्यालय है। आज यहां पर अध्यापकों व एसएमसी सदस्यों की मौजूदगी में 315 सेट किताबों का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में कुल 330 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनके सापेक्ष 315 बच्चों को निशुल्क पुस्तकें वितरित कर दी गई हैं। अवशेष बच्चों को पुस्तकों का वितरण कार्य शीघ्र ही कर दिया जाएगा। पुस्तक वितरण में सहायक अध्यापक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, रविशंकर जायसवाल, अरविंद कुमार पांडेय, पीयूष कुमार दुबे, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे। पुस्तकों का सेट मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### नीलगाय ने ग्रामीणों को किया घायल, जान बचाने को भागे ग्रामीण व पीआरबी

**गोपीगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अमवा माफी गांव में उस समय अफरा तफरी की स्थिति मच गयी जब खेत में बोये फसल को रौद रही थी। उसे जब ग्रामीण भगाने की कोशिश किये तो भागने के बजाय उन पर हमला कर दिया। नीलगाय द्वारा दौड़ाये जाने पर ग्रामीण इधर उधर भागते हुए नजर आये। बताया जाता है कि दिन शनिवार को प्रातरू एक नीलगाय ग्राम अमवा माफी यादव बस्ती में घुस गई और जो कोई भी सामने पड़ा उसको घायल किया । जिससे ग्रामीणों में हलचल मच गई लोग इधर.उधर भागने लगे गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने 112 पीआरबी को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उस नीलगाय को कब्जे में कोशिश करने का प्रयास किया तो उन्हें भी दौड़ा लिया बताते चलें कि नीलगाय के हमले से जवाहिर लाल यादव, रामराज यादव, विनोद यादव जब अपनी पत्नी को बचाने को पहुंचे तो पत्नी व पति दोनों को घायल कर दिया। इसी के साथ ही कई गाय और भैंसों को भी मार कर घायल किया। पीआरबी पुलिस ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है।

## दिनचर्या में शामिल करें व्यायाम : दिनेश

### एनवाईके के बैनर तले फिट इंडिया-फ्रीडम रन का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** नेहरू युवा केंद्र भदोही के तत्वावधान में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव-फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया गया। एनवाईके के बैनर तले राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण दौड़ का शुभारंभ चीफ गेस्ट दिनेश सिंह (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एनवाईके), सीडीओ भानु प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। दिनेश सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करना है।

उन्होंने कहा कि दौड़ एक बेहतरीन व्यायाम है। इससे शरीर के सभी अंगों का व्यायाम होता है। शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। शारीरिक व्यायाम को दैनिक रूप से अपनाकर लोग विभिन्न प्रकार की जटिल बीमारियों, मानसिक तनाव और मोटापे आदि से बच सकते हैं। इस मौके पर अखंड प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अखिलेश्वर सिंह ब्लाक प्रमुख ज्ञानपुर, रवि, पंकज बिंद समेत



तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समर बहादुर सिंह उपनिदेशक नेहरू

### थाना दिवस पर कुल राजस्व संबंधी 18 मामले आए

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** दिन शनिवार को कोतवाली में थाना दिवस पर कुल नौ मामले राजस्व संबंधी आए । सभी ग्रामों से संबंधित रहे। जिनमे एक का निस्तारण किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह ने संबंधित राजस्व के कर्मर्मियो को जल्द से जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। उपस्थित लोगो में औराई तहसीलदार देवेंद्र कुमार यादव, लेखपाल अमरेश पांडे, रमाशंकर लाल कानूनगो सहित काफी संख्या में फरियादी मौजूद रहे। ऊंज प्रतिनिधि के अनुसार स्थानी थाने पर समाधान दिवस के अवसर पर 13 प्रार्थना पत्र आए हुए थे। जिसमें 5 मामले में पुलिस एवं राजस्व की टीम मौका मुआयना कर मामले का समाधान करने के लिए रवाना की गई है।

### थाना दिवस पर आये 11 मामलो में 4 का मौके पर निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** कोतवाली भदोही में शनिवार थाना दिवस पर 11 मामले आए जिसमे 4 का मौके पर निस्तारण भी हुआ। दिवस की अध्यक्षता करते एसडीएम आशीष कुमार मिश्र ने आए राजस्व सम्बंधित मामलों को समय सीमा के अंदर निस्तारण का सम्बंधित कर्मियों को निर्देश दिया। दिवस पर एक मामला पुलिस के खिलाफ भी आया। एसडीएम ने कहा कि तहसील व थानों पर आये मामलों को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है। मामला छोटा हो अथवा बड़ा त्वरित निस्तारण की दिशा में कार्य होना चाहिए। मामले यदि मौके पर दोनों पक्षों के सहमति से पटाक्षेप हो जाये तो इससे बेहतर कुछ नही है। अन्यथा दोनों पक्षों का विधवत सुनने के पश्चात ही निष्पक्ष कार्यवाही हो। आज आये मामलों को पुलिस व लेखपालों को एसडीएम ने निर्देशित कर एक हफ्ते में मामलो का विधिवत जांच कर आख्या देने का निर्देश दिया। सीओ प्रियांक जैन, कोतवाली निरीक्षक विजय प्रताप सिंह सहित थाना क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## गरीब दुकानदारो को आरिफ सिद्दीकी ने किया सम्मानित

### तीन दिवसीय गरीब सम्मान यात्रा का अजीमुल्लाह चौराहे से शुभारंभ हुआ

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर शनिवार को सपा पूर्व जिलाध्यक्ष मो आरिफ सिद्दीकी ने तीन दिवसीय मेहनतकश गरीब सम्मान यात्रा का शुभारंभ किया। पहले दिन अजीमुल्लाह चौराहे, भरत तिराहा, इंदिरामिल, रजपुरा चौराहा, पकरी तिराहा आदि क्षेत्र में पटरी दुकानदार जूता पालिश करने वाले, रिक्शा, ठेला चालक व अन्य पटरी दुकानदारो को अंग वस्त्रम व फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत किया। पटरी दुकानदारो के समक्ष जब पूर्व जिलाध्यक्ष पहुचे और माला पहनाया तो गरीब दुकानदार भावुक हो गये।उनके जुबान से अखिलेश यादव, आरिफ सिद्दीकी के नारे निकले। गरीबो को सम्मानित करते आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि समाज में मेहनतकश लोग बारिश गर्मी व ठंड कोई भी मौसम हो हर दिन मेहनत कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करता है। ऐसे में उनकी मदद भी होती रहनी चाहिए और सम्मान भी। पूर्व सपा



जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व सपा सरकार में बड़े व्यापारियो सहित छोटे से छोटे दुकानदार व मेहनतकशो का भरपूर सम्मान होता था। आगे 2022 विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनते ही कमजोर तबके के लोगो में विशेष सम्मान व मदद होगा। इस दौरान नान्हक यादव, मुन्ना यादव रतनलाल प्रजापति, विजय शंकर भग्गू यादव, अभिषेक यादव, संतोष यादव, सेराज शाह, सुरेश यादव, अशोक सरोज, डा.बीएन यादव, लाल चंद्र पाल, बाबा बिंद, अशोक सरोज आदि उपस्थित रहे।

### बरही पर भजन कीर्तन की बही रसधार खूब लगा जयकारा

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** नगर मे सोनिया तालाब स्थित राधा कृष्ण मंदिर शुक्रवार की देर रात भजन कीर्तन से गुंजायमान रहा इस दौरान आयोजित भंडारे मे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौका था श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन से चल रहे विशेष धार्मिक अनुष्ठान के समापन का। प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर सोनिया तालाब मे श्री मंगलम सेवा समिति के तत्वावधान में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। नटवर नागर के अवतरण के साथ शुरु हुए महोत्सव का समापन बरही के दिन आयोजित भंडारे मे प्रसाद ग्रहण के साथ किया गया। बारह दिन चले दर्शन पूजन के दौरान मंदिर परिसर भजन कीर्तन भी लगातार जारी रहा। बरही के दिन शुक्रवार को वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच हवन पूजन के साथ जन्मोत्सव के दिन चल रहे विशेष धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया गया। इस दौरान आयोजित भंडारे मे देर रात प्रसाद ग्रहण करने का क्रम चलता रहा संतजनो को प्रसाद ग्रहण कराने के उपरांत अंगवस्त्रंम भेट किया गया। इस मौके पर श्री मंगलम सेवा समिति के कृष्ण कुमार खटाई अवधेश कुमार रमेश कौशल शकराचारी दुबे धर्मराज दुबे अरुण कुमार मिंकू दीपक मोदनवाल बबलू जायसवाल राजीव दुबे आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# 9/11 के दो दशक

अगर साल 2001 की ही बात की जाए तो भी उस पूरे साल के दौरान भारत में आतंकी घटनाओं के चलते 5504 लोग मारे गए थे, जिनमें से 4,011 जानें तो सिर्फ जम्मू कश्मीर में गईं। इस पूरी अवधि में आतंकवाद को काबू करने के लिए उठाए गए तमाम कदमों का ही नतीजा कहिए कि 2020 आते-आते तक पूरे देश में आतंकी घटनाओं में मरने वालों की संख्या 591 तक रह गई। अमेरिका में 11 सितंबर 2001 को हुआ भीषण आतंकवादी हमला जिसे 9/11 के नाम से याद किया जाता है, न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिहाज से आतंकवाद के खिलाफ एक व्यापक अभियान का प्रस्थान बिंदु बना। इसी वजह से अमेरिकी फौज अफगानिस्तान में आई, जिससे वहां 2001 में तालिबानी सत्ता खत्म हुई। अब बीस साल के बाद जब अमेरिकी सेना वापस लौटी तो भारत के इस पड़ोसी देश में एक बार फिर सत्ता पर तालिबान काबिज हो गए हैं।

क्या इसका यह मतलब माना जाए कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम एक बार फिर उसी बिंदु पर पर पहुंच गए हैं, जहां से हमने चलना शुरू किया था? क्या इन दो दशकों के दौरान आतंकवाद के खिलाफ चलाई गई वैश्विक मुहिम निरर्थक साबित हो चुकी है? कतई नहीं। तब से अब के हालात पर एक नजर डालने से भी यह साफ हो जाता है कि मामला वैसा बिल्कुल नहीं है जैसा पहली नजर में लगता है। सबसे पहले तो यह बात समझने की है कि 9/11 अमेरिका के लिए भले ही पहली बड़ी आतंकी वारदात हो, भारत उससे काफी पहले से आतंकवाद का शिकार रहा है, उससे जूझता रहा है। अगर साल 2001 की ही बात की जाए तो भी उस पूरे साल के दौरान भारत में आतंकी घटनाओं के चलते 5504 लोग मारे गए थे, जिनमें से 4,011 जानें तो सिर्फ जम्मू कश्मीर में गईं। इस पूरी अवधि में आतंकवाद को काबू करने के लिए उठाए गए तमाम कदमों का ही नतीजा कहिए कि 2020 आते-आते तक पूरे देश में आतंकी घटनाओं में मरने वालों की संख्या 591 तक रह गई। 2021 में 5 सितंबर तक यह संख्या 366 दर्ज की गई है। दुनिया में आतंकवाद का प्रमुख चेहरा रहे ओसामा बिन लादेन ने अमेरिका ही नहीं, भारत में भी जिहाद छेड़ने का ऐलान किया था। यह ऐलान उसने 9/11 से काफी पहले 1996 में ही कर दिया था। आतंकी संगठन अल-कायदा की ओर से भारतीय उपमहाद्वीप और खासकर भारत में कुछ बड़ा करने की कोशिशें ओसामा बिन लादेन के 2011 में मारे जाने के बाद भी जारी रहीं। मगर तथ्य यही है कि भारत में आतंकवाद का मुख्य खतरा पाकिस्तान में जन्मे और पाले-पोसे गए संगठनों से ही रहा है, उन्हीं से है। इस दौरान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों की बदौलत इन संगठनों की शक्ति और प्रभाव में भी काफी कमी आई है। हालांकि इन सबका मतलब यह नहीं है कि आतंकवाद अब कोई बड़ी चुनौती नहीं रहा या अब देश में किसी बड़ी आतंकी वारदात का खतरा नहीं है। मतलब सिर्फ यह है कि तालिबान के दोबारा काबिज होने के खतरों को कम करके आंकना अगर गलत है तो उन खतरों का हौआ बनाने की भी कोई जरूरत नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभ्य समाज का हाथ आज भी काफी ऊपर है।

# कोई राहत नज़र नहीं आती

**गिरधर राठी**

आज के भारत में किसानों के मोर्चे पर सरकार जो हठ पर अड़ी है... कोई देश या सरकार अपनी ही जनता के दुख दर्द की अनदेखी करके क्या हासिल करेगी? किसान धूप, बारिश, ठंड, कीचड, कील, लाठी, गालियां झेलकर भी शांत मोर्चे पर हैं। तालिबान की चिरौरी, उसका सत्कार, उसको राजनयिक मान्यता देने से पहले अगर देश के करोड़ों किसान के शिकवे दूर करें, तो हम आतंकवाद से लड़ने में भी अधिक सक्षम होंगे न? चाणक्य का लबादा, चाणक्य का गुणगान हमारे कुछ काम आया हो, ऐसा लगता नहीं। अफगानिस्तान से अब ऐसी कोई खबर नहीं आ रही जो किसी को,तालिबान समर्थक तक को ,सुकून या राहत दे सके। इतिहास में शायद पहली बार है जब जानी दुश्मन, जिसके खिलाफ इतनी लंबी और विश्वव्यापी लड़ाई लड़ी गई, इतने लाड़ प्यार का हकदार हुआ हो. गुप्तचर, दूत, राजदूत, वज़ीर मनाने फुसलाने में लगे हैं। मगर तालिबान को कोई हड़बड़ी नहीं है। अभी उसने सिर्फ अपना झण्डा दिखाया है और देश को एक औपचारिक नाम दे दिया है- इस्लामिक एमिरेट ऑफ अफगानिस्तान। 11 सितंबर 2001 के बाद अधिकांश लोग, देश, सरकारें आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने की कसम खा रही थीं। वह आमूलचूल बदली हुई दुनिया 15 अगस्त 2001 के दिन फिर आममूलचूल बदल गई?! लोग भूल गए कि 9 /11 के दिन सिर्फ न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर को ही नहीं, रक्षा विभाग के वॉशिंगटन स्थित पेंटागॉन और बेहद महत्व के भवनों को भी भारी नुकसान पहुंचा था। कितने दिन सरकारी कारोबार ठप्प रहा था। अपराध अल कायदा ने किया था। अमेरिका और लगभग सारी दुनिया ने उसे नेस्त नाबूद करने की कसम खाई थी। दस साल बाद 2011 में, सो भी अफगानिस्तान या इराक में नहीं, पाकिस्तान में, खास सैनिक छावनी के बगल में ओसामा बिन लादेन को मार कर उस मुहिम की इतिश्री हो गई। अब वॉशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, न्यूयॉर्कर आदि बता रहे हैं-अल कायदा की मदद से ही तालिबान ने हफ्ता दस दिन में, ऐन अमेरिकी और नाटो सेनाओं की नाक के नीचे काबुल तक फतेह कर लिया। आखिरी विदेशी सैनिक 30 अगस्त तक भाग पाये। अब अमेरिका तालिबान से सहयोग करेगा। यह घोषित तथ्य है। उस की सरकार में अल कायदा रहेगा। नया आम दुश्मन अब इस्लामिक या यह नयी खिलाफत होगी जिसने काबुल हवाई अड्डे पर 13 अमेरिकी सैनिक और 170 नागरिक मार डाले- यों अमेरिकी सरकार उन दूसरों का उल्लेख कम ही करती है।

विडंबनाएं अनेक हैं। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता घूम-फिर कर फिर एक बार भारत को मिल गई थी, पूरे एक महीने। एक ओर भारत में हम अपनी आज़ादी की जयंती मना रहे थे, उधर तालिबान भी 15 अगस्त को ही अमेरिका सहित तमाम विदेशियों से अपनी आज़ादी का जश्न मना उठा! विदेशियों को उन्होंने मार भगाया, और सबसे पहले भारत को वहां से भागना पड़ा। उस समय तक जो सरकार थी वह, और सैंकड़ों सालों के खट्टे-मीठे संबंध,और अरबों की संपत्ति का निवेश, कुछ काम नहीं आया। हम पता नहीं कितने हज़ार भारतीयों को वहाँ तालिबान की शरण में छोड़ आए हैं!? वीज़ा पासपोर्ट के सैकड़ों रखवाले करिंदे उनको गिनना ही नहीं चाहते। वैसे इस मामले में भारत महाबली अमेरिका के समतुल्य है। सेना आदि के कोई सवा लाख लोगों को तालिबानी पंजों से बचाकर भगा ले जाने के बावजूद, दो एक हज़ार अमेरिकी, और शायद लाखों सहयोगी अनुचर अफगानी अन्य विदेशी कार्यकर्ताओं तथा नौकर को वहीं छोड़ गए। 15 तारीख की दूसरी विडंबना- 9/11 के बाद आतंक से मुकाबला करना शौर्य, पराक्रम, वीरता, रणनीति, सूझबूझ आदि का परिचायक था। 15 अगस्त 2021, और उसके आगे पीछे खाासकर 31 तक, मुंह छुपाकर, दुम दबाकर, जान बचाकर भागना ही शौर्य पराक्रम वीरता की निशानी हो गया !!! दूसरे विश्व युद्ध में अलबत्ता एक बार फ्रांस के तट से लाखों अंग्रेज़ सैनिक बचाए गए थे। लेकिन वह इवैकुएशन दुबारा हिटलर की जर्मनी पर हमले की तैयारी के लिए था। इस बार यूरो अमेरिकी पलायन केवल अपने दड़बों में जा छिपने के लिए है। अब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऐलान कर दिया है कि आइंदा न तो कहीं सेना भेजेंगे, न किसी तरह के लोकतंत्र की स्थापना के लिए, न किसी राष्ट्र के पुनरुद्धार के लिए कोई संकल्प लेंगे। पूरे बीस साल लगभग सारी दुनिया के सैन्यबल, धनबल और नैतिक समर्थन के साथ एक देश, एक काम और लाखों व्यक्तियों को जान माल सहित तहस-नहस करके, असंख्य अफगानियों की हत्या करके,भागे हुए ये रणछोड़ बांकुरे सपने में भी तालिबान से लड़ने नहीं जाने वाले। उनके सेनापति ख़ुद पछाड़ खाए हुए हैं। तीसरी विडंबना ये कि आजादी का जश्न अमेरिका भी मना रहा है, पिट हारकर, और तालिबान भी, जिसने तमाम विदेशी अफगानिस्तान से खदेड़ दिए। नज़ारा ये कि बाइडेन साहेब और उनके कुछ समर्थक खुश हैं कि जान बची लाखों पाए। उनके विरोधी रिपब्लिकन आदि इस बात पर गदगद हैं कि बाइडेन यानी अमेरिका की सेना को चंद कबाइली गुटों ने हरा दिया !! फैसला ट्रम्प साहेब कर गए थे। उसे अमलीजामा पहनाना पड़ा बाइडेन को। लेकिन ट्रम्प भक्त तो 'पोस्ट ट्रूथ' वाले ठहरे। उन को सच से क्या लेना देना! और लगे हाथ उन को एक और निशाना मिल गया- ये जो कुछ अफगान आ गए हैं, ये तो अमेरिका के गोरे लोगों की आबादी को घटाने के लिए ही हैं न!

शायद चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान और तुर्की के लोगों को नहीं भगाया गया? और इन सभी का भाईचारा तालिबान से बढ़ता जा रहा है। मगर विडंबना ये है कि विदेशी दासता से मुक्त हुए अफगानिस्तान की इस तालिबानी आज़ादी पर कोई भी आज़ादी पसंद देश या समुदाय या व्यक्ति खुशी नहीं मना सकता। मनुष्य की हर तरह की आज़ादी खत्म कर देने वाली ये तालिबानी आज़ादी आज़ादी नहीं है। इस आज़ादी का समर्थन वे ही कर सकते हैं जो किसी और रंग में ऐसी ही बर्बर हुकूमत थोपना चाहते हैं। विडंबना एक और ये कि जिन आतंकवादियों को खत्म करने में लगभग हर सरकार लगी हूई थी, अब सत्ता हड़पकर वह दूध से धुल गई लगने लगी है। पुराने ही नहीं, ऐन इस क्षण भी जो ज़ुल्म उनके हैं, उन को किसी और 'खूंखार' गिरोहों के मत्थे मढ़ा जा रहा है। बारीक छलनियां लगी हैं, बारीक पीसा जा रहा है। एब्सर्ड की हकीकत ये है कि एब्सर्ड नाटक बचकाने लगेंगे आज! जिनके लिए,मसलन ओसामा वगैरह तमाम दुश्मनों के लिए कहां तो ड्रोन और दूसरे शस्त्र और अस्त्र गढ़े जा रहे थे, और अब फूल-मालाएं बन रही हैं। भीमबली देशों के नेता तालिबान की चिरौरी में लगे हैं, दलाल खोजे जा रहे हैं जो इनको तालिबान के दरबार में प्रवेश दिला दें! विशेषज्ञों का अलग गोरखधंधा है। मेरी जानकारी में दो-चार ही ऐसे थे जो बहुत पहले कह चुके थे कि केवल युद्ध नहीं, उन लोगों से बातचीत भी करना चाहिए। जानना दिलचस्प होगा कि हमारे किस दानिशमंद ने लड़ने के अलावा कोई विकल्प कभी, किसी भी सरकार को सुझाया था? इस विडंबना का आप और हम क्या करें कि उत्तरी आयरलैंड के मामले में ब्रिटेन को, माओवादियों के बाबत नेपाली कांग्रेस आदि को, नगा और मिज़ो की बाबत भारत की अनेक पार्टियों और उनकी सरकारों को, और अब तालिबान की बाबत सारी दुनिया को, एक-एक देश को सुलह वार्ता के दरवाज़े, चोर दरवाज़े खोजना पड़ रहा है! यह विकल्प लाखों जानें देने के बाद खोजने की बजाय, अगर बातचीत का दरवाज़ा शुरू से खोल रखते तो क्या बेहतर न होता? बातचीत का रास्ता तो पहली शिकायत या शिकवा की भनक मिलते ही खुल जाना चाहिए। आज के भारत में किसानों के मोर्चे पर सरकार जो हठ पर अड़ी है... कोई देश या सरकार अपनी ही जनता के दुख दर्द की अनदेखी करके क्या हासिल करेगी? किसान धूप, बारिश, ठंड, कीचड, . कील, लाठी, गालियां झेलकर भी शांत मोर्चे पर हैं। तालिबान की चिरौरी, उसका सत्कार, उसको राजनयिक मान्यता देने से पहले अगर देश के करोड़ों किसान के शिकवे दूर करें, तो हम आतंकवाद से लड़ने में भी अधिक सक्षम होंगे न? चाणक्य का लबादा, चाणक्य का गुणगान हमारे कुछ काम आया हो, ऐसा लगता नहीं। विडंबना यह भी है कि अपने और दुनिया के अतीत से, अनुभव से, भारत जो समझ बूझ के, तर्क और व्यावहारिकता के सबक ले सकता था, नहीं लिए। उसकी बजाय ढपोरशंखी, पोंगापंथी दावों, दलीलों, नुस्खों में ही उलझता गया। सामान्य बुद्धि भी बता देती है कि बीमारी और दुश्मन को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। लेकिन बीस साल यूरो अमेरीकी छत्रछाया में, अरबों डालर का निवेश करते हुए हमारा गुप्तचर तंत्र ,हमारा कूटनीतिक अमला और हमारा राजनीतिक नेतृत्व एक भी विकल्प न सुझा सका, न बना सका और सबसे बड़ी विडंबना तो ये है कि बीस साल पहले हरा चुकने के बाद, उसी तालिबान से मात खानी है जो ऐन नाक के नीचे फलता फूलता रहा!

यह विडंबना तो और भी रहस्यमय है कि आधी अफगान जनता के सहयोग के बावजूद, सारी दुनिया अपने तमाम तरह के बल आज़मा कर भी तालिबान से हार गई और दुनिया के हर व्यक्ति को अज्ञेय अज्ञात खौफ के मुहाने पर पटक दिया। जो देश अब अपने ही भीतर बंटे कटे, घोषित गृह कलह और अघोषित गृह युद्ध में मुब्तिला हैं, उनका हश्र न जाने क्या होगा। तालिबान से हारने की एक फलश्रुति यह भी है कि अमेरिका आदि की मित्रता पर किसी को भरोसा नहीं रहा। और पूरी दुनिया में हमारे देश का कोई 'मित्र'अब शायद ही बचा हो। जो हो सकते थे, उनमें से अनेक अब तालिबान के ताबेदार हैं। आज़ाद भारत के इतिहास में एकाध बार ही ऐसा नाजुक मौका पहले आया था। पर तब दुनिया आज की दुनिया से भिन्न थी, और सहारा देने वाले मिल गए थे। और अंत में विडंबना ये है कि हर देश अपने बाशिंदों में जो अफगानिस्तान से लौट सके, उतने ही लोगों को लेकर संतुष्ट हैं। किसी को परवाह नहीं कितने लाख अफगान किन हालात में जिये और मरे और जो तालिबान से बचे रहना चाहते थे, उनसे लड़ रहे थे, उनका हश्र क्या होगा।

# अरसे बाद मेरे मन से गया 9/11 का सदमा

**कुशल एम चोकसी**

भुलाए नहीं भूलता 20 साल पहले का वह दिन। हजारों लोग खत्म हो गए उस गुबार में, जो लिबर्टी स्ट्रीट पर मेरे पीछे बढ़ता चला आ रहा था। मैं पूरी ताकत से भाग रहा था। कुछ होश नहीं मुझे कि मेरी जान कैसे बची। 11 सितंबर को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर ओसामा बिन लादेन के आतंकवादी संगठन अल-कायदा के हमले के महीनों बाद तक मुझे सपने आते रहे कि सिक्यॉरिटी वालों ने जो कुछ कहा था, उसे मानते हुए मैं नॉर्थ टावर में अंदर पीछे की ओर चला गया। कुछ ही देर में भीषण आवाज के साथ बिल्डिंग भहराकर गिरने लगी। और मैं वहां से जान बचाने के लिए पूरी ताकत से भागा। अचानक सपना टूट जाता था। मैं पसीना-पसीना हुआ रहता। हार्ट बीट बढ़ जाती। कुछ देर बाद मुझे अहसास होता था कि मैं तो अपने बिस्तर में हूं। 9/11 ने मेरे मन पर गहरे निशान छोड़ दिए थे। वे निशान इतने गहरे थे कि वर्षों बाद भी पीछा नहीं छोड़ते।हाल में आदत के हिसाब से मैंने टीवी ऑन किया। एक न्यूज एंकर बता रही थीं कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी 'एक युग का अंत' है। काश, इतना आसान होता सब कुछ भुला पाना। मजबूत दिल वाले किसी आम न्यूयॉर्कर की तरह मैंने भी पूरी कोशिश की थी कि 9/11 से जुड़ी बातें दिल में ही दफन हो जाएं, लेकिन क्या ऐसा हो पाया? नहीं, मेरी तमाम कोशिशों के बाद भी उस घटना के निशान मेरे जहन में बने हुए हैं। तब जिंदगी बच जाने के लिए मैं शुक्रगुजार तो था, लेकिन दूसरी ओर विदेशी धरती पर एक वीराने ने मुझको घेर लिया। अंदर ऐसा खालीपन लगता, जैसा मुझे पहले कभी महसूस नहीं हुआ था। जिंदगी जब अचानक वार करती है तो जीवन के असल मकसद के बारे में सवाल उठने लगते हैं। मैंने भी खुद से पूछा। क्या मैं वाकई वह सब कर रहा हूं, जो मुझे करना चाहिए?

उस खालीपन और उसके साथ आई बेचैनी से उबरने के लिए मैंने अपना मन दूसरी चीजों में लगाने की कोशिश की। मैं दुनिया के कई हिस्सों में आने-जाने लगा। लैटिन अमेरिका गया और वहां एंडीज की पहाड़ियों पर चढ़ाई की। नीले कैरेबियाई सागर में गोते भी लगाए। अमेजन के जंगलों में घूमा तो प्रेयरी के विशाल मैदानों की छटा भी देखी। मकसद की तलाश में जो मैं निकला, तो वॉल स्ट्रीट पर अपना शानदार करियर भी छोड़ दिया। एक टॉप इनवेस्टमेंट बैंक से निकलकर मैंने एक छोटी सी स्टार्टअप जॉइन कर ली। फिर भी हाल वही रहा। जब भी मैं किसी एयरपोर्ट पर सिक्यॉरिटी चेक के लिए अपने जूते उतारता, मन उस मंगलवार की मनहूस सुबह की ओर चला जाता। कहीं से किसी चीज के जलने की बू आती या तेज शोर होता तो मैं घबरा जाता। दिमाग में वही भीषण धमाका गूंजने लगता। उस दिन जो कुछ हुआ था, उससे मैं निकल नहीं पा रहा था। कुछ साफ नहीं था कि आगे जीवन किस राह पर जाएगा। और फिर वह हुआ, जिसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी। न्यूयॉर्क में एक आध्यात्मिक अनुभव ने मुझे जगा दिया। मुझे पता चला कि इस चक्र से बाहर निकलने का रास्ता तो मेरे पास है, मेरे दिल में है। मैंने ध्यान की क्रिया सीखी। जैसे-जैसे मैं इसकी प्रैक्टिस करता गया, बेचैनी घटने लगी, मन में शांति छाने लगी। हर चीज के लिए तर्क ढूंढने वाला दिमाग यह पता लगाने की कोशिश में था कि यह सब कैसे हो रहा है, लेकिन जो अहसास हो रहा था, वह सुखद था। जल्दी ही मैंने पाया कि उस पूरे दौरान मैं दुनिया को दरअसल अपने हिसाब से देख रहा था। यह कुछ वैसा ही था, जैसे ब्लू टिंट वाला चश्मा पहनकर सफेद कमीज ढूंढने की कोशिश की जाए। जब यह बात समझ में आ गई तो सोच भी बदल गई, बिना किसी प्रयास के। बिना किसी खास कोशिश के। अपनी सांसों के उतार-चढ़ाव की ताकत से मैंने अपने सिस्टम को दुरुस्त कर लिया। इसके बाद मेरे मन पर छाया जाला धीरे-धीरे हट गया। मुझे यह अहसास भी हुआ कि मेरी थकान की वजह केवल यह नहीं थी कि मैं कई दिशाओं में कई चीजें बहुत तेजी से कर रहा था। या फिर सोच बदलने के लिए मैं बहुत ताकत लगा रहा था। शायद मैं अपने मकसद की तलाश गलत जगहों पर कर रहा था। जिंदगी का मकसद पाना तो अपने मन के भीतर की यात्रा है, इसे दूसरों के भरोसे हासिल नहीं किया जा सकता। मैं और मेरी पत्नी अब एक चॉकलेट कंपनी चलाते हैं। यह एक कुटीर उद्योग की तरह है, एक सामाजिक मकसद के साथ, जिसका ताना-बाना हमारी संस्कृति से जुड़ा है। इससे पहले हमारी एक स्टार्टअप नाकाम रही, दो दूसरी स्टार्टअप सफल रहीं। यह सब संभव हो सका, जब मैंने अपने दिल की आवाज सुनी। 20 साल पहले अमेरिका में अल-कायदा के हमले के बाद मेरे पांव तले की जमीन खिसक गई थी। जब ऐसा होता है तो अक्सर सोचने-समझने की ताकत हिल जाती है। लेकिन असल जादू तब होता है, जब खालीपन के अहसास से उबरें, पिछली चीजों पर नजर डालें, हकीकत को स्वीकार करें और चल पड़ें, एक नई मंजिल की ओर। उस आतंकवादी हमले से उबरने के लिए मैंने ऐसा ही किया और तब जाकर मुझे उस नई मंजिल का रास्ता दिखा।

# मोदी सरकार की नीतियों की बदौलत देश में तेजी से बढ़ रहे रोजगार के अवसर

**प्रह्लाद सबनानी**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किये गये एक रिसर्च प्रतिवेदन में भी बताया गया है कि भारत में अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में राष्ट्रीय पेंशन योजना एवं कर्मचारी प्रॉविडेंट फंड योजना (एनपीएस एवं ईपीएफओ) में 30.74 लाख पेरोल जोड़े गए। कोरोना महामारी के दौर में भारत ही नहीं बल्कि विश्व के लगभग सभी देशों में बेरोजगारी की दर में बेतहाशा वृद्धि दृष्टिगोचर हुई थी। परंतु, भारत ने कोरोना महामारी के द्वितीय दौर के बाद जिस तेजी से अपनी अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी की दर को कम करने में सफलता पाई है, वह निश्चित ही तारीफ के काबिल है। हालांकि तेज गति से बढ़ रहे रोजगार के अवसरों में भारत में हाल ही में प्रारम्भ हुए त्योहार के मौसम का भी योगदान है। देश में त्योहारी मौसम में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि दृष्टिगोचर होती है। परंतु, ईपीएफओ एवं एनपीएस के पेरोल के आंकड़े देखने पर ज्ञात होता है कि रोजगार के अधिक नए अवसर औपचारिक (फोर्मल) क्षेत्र में भी निर्मित हो रहे हैं, इस क्षेत्र में श्रमिकों को न केवल निश्चित दर पर वेतन एवं मजदूरी प्राप्त होती है बल्कि अन्य कई प्रकार के लाभ यथा प्रॉविडेंट फंड में योगदान एवं स्वास्थ्य सुविधाएं भी नियोक्ता अथवा सरकार की ओर से उपलब्ध होती हैं। जबकि अनौपचारिक क्षेत्र में कई बार न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी श्रमिकों को प्राप्त होती है, अन्य सुविधाएं तो प्राप्त ही नहीं होती हैं। इस प्रकार, देश में औपचारिक क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार निर्मित होना एक बहुत अच्छी उपलब्धि मानी जानी चाहिए। भारतीय अर्थव्यवस्था की निगरानी करने वाले केंद्र (सीएमआईई) द्वारा हाल ही में जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2021 माह में 1 करोड़ 60 लाख रोजगार के नए अवसर भारत में निर्मित हुए हैं। यह कोरोना महामारी के द्वितीय दौर के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से वापिस पटरी पर आने के कारण सम्भव हुआ है। कृषि के क्षेत्र में 1 करोड़ 12 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं एवं निर्माण के क्षेत्र में 54 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं तो सेवा क्षेत्र में 5 लाख तथा विनिर्माण के क्षेत्र में 8 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं। सीएमआईई के अनुसार, कृषि के क्षेत्र में पैदा हुए रोजगार के अवसर अल्प अवधि के रोजगार हो सकते हैं परंतु देश में आर्थिक गतिविधियों में हो रही तेज गति से वृद्धि के चलते आगे आने वाले समय में यह अल्प अवधि के रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों यथा सेवा, निर्माण एवं विनिर्माण में लम्बी अवधि के रोजगार के अवसरों में परिवर्तित हो सकते हैं। जोकि देश के लिए एक अच्छी खबर होनी चाहिए।

दूसरी ओर, एक अन्य संस्थान द्वारा जारी किए गए सर्वे के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनियों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के शेष समय में विभिन्न महाविद्यालयों (आईटी एवं प्रबंधन) के कैम्पस से भारी मात्रा में भर्तियों की योजना बनाई है। नई भर्ती के यह आंकड़े कोविड महामारी के पूर्व के स्तर (फरवरी 2020) से कहीं अधिक हैं। जैसे, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज 40000, इनफोसिस 35000, काग्निजेंट 45000, विप्रो 30000 एवं एचसीएल टेक्नॉलजी 30000 आदि कम्पनियां तकनीकी क्षेत्र में नई भर्ती किए जाने की योजना बना रही हैं। इसके साथ ही, देश के 10 शीर्ष निजी क्षेत्र के औद्योगिक घरानों में भी कर्मचारियों की संख्या में लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर हो रही है। एक अनुमान के अनुसार, टाटा समूह की कम्पनियों में 750,000 कर्मचारी कार्यरत हैं तो लारसन एंड टोब्रो समूह में 338,000 कर्मचारी, इनफोसिस समूह में 260,000 कर्मचारी, महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह में 260,000 कर्मचारी, रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह में 236,000 कर्मचारी, विप्रो समूह में 210,000 कर्मचारी, एचसीएल समूह में 167,000 कर्मचारी, एचडीएफसी बैंक में 120,000 कर्मचारी आइसीआइसीआइ बैंक में 97,000 कर्मचारी एवं टीवीएस समूह में 60,000 कर्मचारी कार्यरत हैं। इन औद्योगिक समूहों में नए कर्मचारियों की भर्ती भी भारी संख्या में की जा रही है। अब भारत के लिए भी यह कहा जा सकता है कि सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी निवेश बढ़ रहा है एवं इससे निजी क्षेत्र में भी रोजगार के नए अवसर भारी मात्रा में



निर्मित हो रहे हैं, जोकि देश के लिए एक अच्छा संकेत है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किये गये एक रिसर्च प्रतिवेदन में भी बताया गया है कि भारत में अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में राष्ट्रीय पेंशन योजना एवं कर्मचारी प्रॉविडेंट फंड योजना (एनपीएस एवं ईपीएफओ) में 30.74 लाख पेरोल जोड़े गए। इनमें 16.3 लाख नए पेरोल जोड़े गए एवं 11.8 लाख पुराने पेरोल को पुनः प्रारम्भ किया गया अर्थात कोरोना महामारी के चलते जिन लोगों ने अपने रोजगार को खो दिया था उनका रोजगार पुनः प्रारम्भ हो गया है एवं इस प्रकार, उनके पुराने पेरोल पुनः प्रारम्भ हो गए हैं। कोरोना महामारी के प्रथम एवं द्वितीय दौर से बाहर निकलकर आर्थिक गतिविधियों में सुधार के चलते अब आगे आने वाले समय में देश में रोजगार के नए अवसर तेज गति से निर्मित होने की सम्भावना भी कई अन्य रोजगार पोर्टल कम्पनियों द्वारा भी व्यक्त की गई है। केंद्र सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के चलते बेरोज़गारी की दर में भी अब कमी देखी गई है। सीएमआईई (ण्र्इं इंडिया बेरोजगारी दर जो अप्रैल 2020 में 27.11 प्रतिशत के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी, वह मार्च 2021 में गिरकर 6.52 प्रतिशत तक नीचे आ गई थी। परंतु कोरोना महामारी के दूसरे दौर के बाद बेरोज़गारी की दर पुनः 9.4 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर एवं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर 10.3 प्रतिशत के उच्चतम स्तर एवं ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी की दर 8.9 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी, जिसमें अब काफी सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। अब देश के कुछ क्षेत्रों में तो कुछ समय पूर्व तक श्रमिक उपलब्ध ही नहीं हो पा रहे थे। जैसे तिरुपुर, जो देश का सबसे बड़ा वस्त्र उत्पादन केंद्र है, में कुल श्रमिकों की क्षमता के मात्र 60 प्रतिशत श्रमिक ही उपलब्ध हो पा रहे थे। इसी प्रकार सूरत में, जहां रत्न एवं आभूषण निर्माण की 6,000 इकाईयां कार्यरत हैं एवं जहां 400,000 से अधिक बाहरी श्रमिक कार्य करते हैं, में भी 40 प्रतिशत श्रमिक अभी भी काम पर नहीं लौटे थे। चेन्नई के चमड़ा उद्योग में भी 20 प्रतिशत कम श्रमिकों से काम चलाया जा रहा था। देश में दरअसल उद्योगों में तो पूरे तौर पर उत्पादन कार्य प्रारम्भ हो चुका है परंतु श्रमिक अभी भी अपने गांवों से वापिस इन उद्योगों में काम पर नहीं लौटे हैं। इस प्रकार कुछ क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तो उपलब्ध हैं परंतु श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

# कांग्रेस के दो चेहरे... कैप्टेन अमरिंदर सिंह और सिद्धू...

**सुरेश तिवारी**

कांग्रेस के कैप्टेन अमरिंदर सिंह और ड्रामेबाज नवजोत सिंह सिद्धू वास्तव में कांग्रेस के दो चेहरों को दिखाते हैं। जहाँ कैप्टेन अमरिंदर सिंह एक महान देशभक्त और देश की सुरक्षा के लिये सदैव कटिबद्ध दिखाई देते हैं वहीं नवजोत सिद्धू अपने तिकड़म में ही उलझे रहते हैं भले ही उनकी कारगुजारी देश के विरोध में ही हो।अपनी मौकापरस्ती के कारण वे पाकिस्तान के जनरल बाजवा तक को गले लगा लेते हैं और इमरान खान की कदमबोसी से भी गुरेज नहीं करते। वहीं कैप्टेन न तो खुद और न ही अपने साथियों का भी देश के विरोध में जाना बरदाश्त करेंगे।अब आप समझ ही गये होंगे कि सिद्धू कांग्रेस में राऊलगांदी और इटलीबाई का चेहरा है जो हर वह काम करेगा जहां सत्ता, कुर्सी और माल मिलता हो भले ही उसे देश के दुश्मन पाक और चीन की गोद में जाकर बैठना पड़े और देश भाड़ में ही क्यों न चला जाय। कैप्टेन साहब कांग्रेस के उस चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं जो देश के लिये मौत को गले लगाने के लिये उद्यत रहता है जैस सुभाष चन्द्र बोस, सरदार पटेल और बहुत से स्वतन्त्रता सेनानी। परन्तु अफसोस तो इस बात का है कि कांग्रेस में ऐसे लोग बहुत ही सोची समझी चाल के अन्तर्गत खत्म किये जाते रहे हैं फिर चाहे वह नेहरू काल हो इन्दिरागांधी काल हो या आज का पप्पू और इटलीबाई युग। कांग्रेस में अच्छे, ईमानदार और देशभक्त नेता जैसे सुभाष बाबू, सरदार पटेल, सीताराम केसरी, सीनियर पाईलट और सीनियर सिंधिया आदि को इसी सोच के अन्तर्गत समाप्त किया गया।वही काम अब इस मां-बेटे की जोड़ी कर रही है। कैप्टन अमरिंदर सिंह इनको फूटी आंख नहीं सुहाते पर कैप्टेन की लोकप्रियता और पंजाब के सिक्खों का देश के लिये मरने-मिटने वाला जज्बा देखकर डाईरेक्ट ऐक्शन की इनकी हिम्मत नहीं पड़ी इसीलिए पंजाब में फूट डालने और कैप्टेन की पीठ में छूरा भोंकने के लिये ही सिद्धू को पंजाब भेजा गया है ताकि कैप्टेन को



हटाकर अपनी किसी कठपुतली को वहाँ बैठा सकें और पाकिस्तानियों को इस सीमा प्रन्त से हर सम्भव मदद कर देश को हरा सकें। हर सच्चे भारतीय को सावधान हो जाना चाहिए।

# पांचवां टेस्ट कैंसिल होने पर ईसीबी ने आईसीसी को लिखा लेटर, सीरीज का हो सकता है फैसला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट के रद्द होने के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट (ईसीबी) ने आईसीसी को लेटर लिखकर इस पर फैसला लेने की अपील की है। दोनों टीमों के बीच खेली गई यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा थी ऐसे में आईसीसी इस मुकाबले को लेकर क्या निर्णय लेती है यह देखने वाली बात होगी। हालांकि, बीसीसीआई और ईसीबी ने बयान जारी करते हुए कहा था कि वह इस टेस्ट मैच को रिशेड्यूल करने पर विचार करेंगे। लेकिन, ईसीबी के सीईओ टॉम हैरिसन ने संकेत दिए थे कि बाद में आयोजित होने वाला टेस्ट पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होगा।

'क्रिकबज' की खबर के मुताबिक, आईसीसी इस टेस्ट मैच को लेकर इन दो में से किसी एक फैसले पर पहुंच सकती है। पहले यह कि आईसीसी के कोविड नियमों के अनुसार इस टेस्ट मैच को स्वीकार किए जाने का कारण पाए जाने पर कैंसिल घोषित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में भारतीय टीम इस सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लेगी और उसके अनुसार ही दोनों टीमों को डब्ल्यूटीसी में प्वॉइंट दिए जाएंगे। दूसरी तरफ आईसीसी की विवाद समाधान समिति यह समझ लेती है कि भारत ने इस मुकाबले को वॉक ओवर कर लिया और ऐसी कंडिशन में इंग्लैंड को जीत दी जाएगी और सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म होगी। डब्ल्यूटीसी की प्लेइंग कंडिशंस के मुताबिक कुछ परिस्थितियों में टीम को मैच ना खेलने की इजाजत है, लेकिन आईसीसी के अधिकारी टीम के उस कारण से संतुष्ट होनी चाहिए।आईसीसी द्वारा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए बनाए गए नियमों में यह कहा गया है कि अगर कोरोना किसी टीम के फील्ड में उतरने में दिक्कत पैदा करता है तो ऐसी स्थिति में टीम खेलने के इनकार कर सकती है और बीसीसीआई आईसीसी के सामने यही पक्ष रखने की कोशिश करेगा। हालांकि, ईसीबी के सीईओ हैरिसन ने मैच रद्द होने के बाद कहा था कि भारतीय टीम ने कोरोना के प्रकोप से नहीं, बल्कि इसको लेकर चिंता और मानसिक दबाव के चलते फील्ड पर ना उतरने का फैसला किया था। अब देखना दिलचस्प होगा कि आईसीसी भारत और इंग्लैंड में से किसके पक्ष में फैसला सुनाता है।

## डेविड मलान की जगह पर पंजाब किंग्स ने टीम में शामिल किया साउथ अफ्रीका का खतरनाक बल्लेबाज




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में डेविड मलान की जगह की जगह साउथ अफ्रीका के खतरनाक बल्लेबाज एडम मार्करम को शामिल किया है। शनिवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान ने आईपीएल 2021 के दूसरे फेज से नाम वापस ले लिया है। मलान ने पंजाब की तरफ से आईपीएल के पहले फेज में सिर्फ एक मैच खेला था। पंजाब किंग्स ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। उनके अलावा जॉनी बेयरस्टो ने भी आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में हिस्सा लेने से इनकार किया है। वो सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से ओपनिंग बल्लेबाज थे। आईपीएल 2021 का दूसरा फेज 19 सितंबर से खेला जाना है। ऐसा पहली बार है जब मार्करम आईपीएल में हिस्सा लेंगे। 26 साल के मार्करम ने 13 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 405 रन बनाए हैं। टी-20 इंटरनेशनल में उनके नाम 4 अर्द्धशतक हैं। उनका टी-20 में सर्वाधिक स्कोर 70 रन है और उनका बल्लेबाजी औसत 33.75 है।पंजाब किंग्स ने मलान को 1.50 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि उन्हें लीग के पहले हिस्से में सिर्फ एक मैच ही खेलने मौका मिला था। इमैच में मलान ने 26 रनों की पारी खेली थी। पंजाब किंग्स आईपीएल 14 के दूसरे फेज में अपना पहला मैच 21 सितंबर को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी।



## सनराइजर्स हैदराबाद ने जॉनी बेयरस्टो की जगह वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने जॉनी बेयरस्टो की जगह वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड को टीम में किया शामिल किया है। शेरफेन रदरफोर्ड आईपीएल में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार ओपनर जॉनी बेयरस्टो ने शनिवार को आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में हिस्सा लेने से इनकार किया था। बेयरेस्टो ने निजी वजहों से ये फैसला लिया। आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ का आगाज 19 सितंबर से यूएई में हो रहा है। 23 साल के रदरफोर्ड ने आईपीएल में सात मैच खेले हैं। उन्होंने 7 मैचों में 73 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 28 रन है। उन्होंने 135.19 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज की तरफ से रदरफोर्ड ने 6 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 43 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 26 है। शेरफेन रदरफोर्ड सीपीएल 2019 में नेविस पैट्रियोट्स की तरफ से खेल रहे हैं। गौरतलब है कि बेयरस्टो आईपीएल 2021 के पहले हाफ में अच्छी फॉर्म में थे और उन्होंने 7 मैचों में 248 रन बनाए थे। उन्होंने 2 मैचों में अर्धशतकीय पारी खेली थी। हैदराबाद के वो अहम खिलाड़ी थे। हैदराबाद 22 सितंबर को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। शनिवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान ने भी आईपीएल 2021 के दूसरे फेज से नाम वापस ले लिया है। मलान ने पंजाब की तरफ सेआईपीएल के पहले फेज में सिर्फ एक मैच खेला था। पंजाब किंग्स ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। उनकी जगह पंजाब ने साउथ अफ्रीका के खतरनाक बल्लेबाज एडम मार्करम को टीम में शामिल किया है।



## आरसीबी के स्टार बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल ने बताया, क्या है आईपीएल पार्ट-2 को लेकर टीम की रणनीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास आईपीएल 2021 जीतने का बेहतरीन मौका है। साल 2008 के बाद से वो एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। आरसीबी को तीन बार फाइनल में शिकस्त मिली है। इस बार विराट कोहली अपना पहला खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। आरसीबी के 21 साल के स्टार ओपनर देवदत्त पडीक्कल यूएई में बल्ले से धमाल मचाने को तैयार हैं। आरसीबी इस समय प्वॉइंट टेबल में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद तीसरे नंबर पर है। आईपीएल 14 में अभी तक आरसीबी को 7 में से 5 मैचों में जीत मिली है। टीम के ऑफिशियल यू ट्यूब चैनल में देवदत्त पडीक्कल ने कहा,' लगभग ऐसा महसूस हो रहा है कि हम टूर्नामेंट को फिर से जारी रख रहे हैं। ऐसा नहीं लगता कि हमने लंबा ब्रेक लिया है क्योंकि बीच में भी हमारे पास पर्याप्त क्रिकेट था। यह एक बड़ा ब्रेक जैसा महसूस नहीं होता है। इसलिए, यह सीजन के पहले चरण में हमारे पास मौजूद लय को जारी रखने के बारे में है।' उन्होंने आगे कहा,' भारत में क्रिकेट एक बहुत बड़ा त्योहार है और यह एक धर्म है।

## टॉम लाथम की कप्तानी में 18 साल बाद पाकिस्तान की सरजमीं पर लिमिटेड ओवर सीरीज खेलने पहुंची न्यूजीलैंड की टीम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टॉम लाथम की अगुवाई में न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान की सरजमीं पर 18 साल बाद लिमिटेड ओवर सीरीज खेलने पहुंच चुकी है। टीम इस दौरे पर अपने नियमित कप्तान केन विलियमसन और कई मुख्य खिलाड़ियों के बिना आई है। कीवी टीम को इस टूर पर तीन वनडे और पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है, जिसका आगाज 17 सितंबर से होना है। इससे पहले साल 2003 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान का दौरा किया था। इसके बाद से सुरक्षा कारणो के चलते टीम पाकिस्तान आकर क्रिकेट खेलने से दूर ही रही। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए उनके होटल में बायो बबल (जैव सुरक्षित माहौल) की व्यवस्था की है। नियमित कोच गैरी स्टीड भी मेहमान टीम के साथ नहीं आए हैं जो रावलपिंडी में तीन वनडे और लाहौर में पांच टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी। डीआरएस की गैरमौजूदगी के चलते दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग का हिस्सा नहीं होगी। न्यूजीलैंड की टीम 2022-23 सत्र में दो टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलने के लिए फिर से पाकिस्तान के दौरे पर आएगी। दोनों बोर्ड इस बात पर सहमत हुए हैं कि ये 50 ओवर के मैच आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की क्वालीफाइंग का हिस्सा होंगे।


न्यूजीलैंड कुछ प्रमुख खिलाड़ी कल टीम से जुड़ेंगे। ये खिलाड़ी हाल ही में बांग्लादेश में खेली गई टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। इसमें डेरिल मिशेल, टॉड एस्टल, ईश सोढ़ी, मार्क चैपमैन और मार्टिन गुप्टिल टी20 टीम से जुड़ेंगे। तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज 17 सितंबर से होगा और तीनों ही मुकाबले रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। सीरीज का दूसरा मैच 19 और आखिरी वनडे 21 सितंबर को खेला जाना है। इसके बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत 25 सितंबर से होगी और टी-20 के पांच मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

## पांचवां टेस्ट रद्द होने पर टीम इंडिया पर भड़के इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन, आईपीएल के शेड्यूल को ठहराया जिम्मेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने मैनचेस्टर में भारत-इंग्लैंड के पांचवें टेस्ट के रद्द होने को टेस्ट क्रिकेट के अंत की शुरुआत की बताया। उन्होंने कहा कि टेस्ट मैच के खत्म होने के चार दिन बाद आईपीएल का होना इसकी एक मुख्य वजह थी। गौरतलब है कि मैनेचेस्टर टेस्ट के शुरू होने से एक दिन पहले भारतीय टीम के जूनियर फिजियो योगेश परमार का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों का आरटीपीआर टेस्ट किया गया, जो नेगेटिव था। इसके बावजूद भारतीय टीम ने एहतियात के तौर पर पांचवां और आखिरी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया। हार्मिसन ने टॉकस्पोर्ट से कहा,' यह बकवास है, यह वास्तव में है। मेरे शुरूआती विचार हैं कि यह टेस्ट क्रिकेट के अंत की शुरूआत है। । लेकिन यह सब आईपीएल के कारण हुआ। आईपीएल पांच दिनों में शुरू होना है और दौरा शुरू होने से पहले भारत ने इस बारे में पूछा था कि आखिरी टेस्ट को आगे ले जाया सकता है या नहीं जिससे वे आईपीएल में जा सकें। अचानक ऐसा होता है। यह मुझे ठीक नहीं लग रहा और मैं मैनचेस्टर के लोगों के लिए दुखी हूं।गौरतलब है कि शुक्रवार को कोविड-19 की आशंका को देखते हुए टॉस से दो घंटे पहले पांचवां और अंतिम टेस्ट रद्द कर दिया गया। लेकिन ब्रिटिश मीडिया और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जिनमें हार्मिसन भी शामिल हैं, वो आईपीएल को इसके लिए दोषी ठहरा रहे हैं। आईपीएल 2021 का दूसरा फेज10 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहा है। हार्मिसन ने आगे कहा कि मेरे लिए ऐसा है कि हमें खेलने में कोई दिलचस्पी नहीं है मेरा बल्ला, मेरी गेंद, बाद में मिलते हैं।

## पांचवां टेस्ट रद्द होने पर आईपीएल2021 को जिम्मेदार ठहराने वालों की इरफान पठान ने की बोलती बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड टैफर्ड मैदान पर खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट के रद्द होने के बाद से तमाम तरह की चर्चाओं ने जोर पकड़ रखा है। कुछ लोग विराट कोहली की टीम की रवैया से नाखुश दिख रहे हैं, तो कुछ इसके लिए आईपीएल 2021 को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। ऐसे ही लोगों को भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने मजेदार अंदाज में ट्विटर पर ट्रोल किया है। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने पांचवें टेस्ट के पहले दिन मैदान पर उतरने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद दोनों बोर्ड को मैच रद्द करना पड़ा था। इरफान पठान ने अपने ट्विटर पर आईपीएल 2021 को ट्रोल करने वाले लोगों पर तंज कसते हुए लिखा, 'मेरा दांत गिर गया, क्या इसके लिए मैं आईपीएल को जिम्मेदार ठहराओ?' दरअसल, पांचवें टेस्ट से एक दिन भारतीय टीम के जूनियर फिजियो योगेश परमार कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे, जिसके बाद से टीम इंडिया के खेमे में हड़कंप मच गया था और हर कोई चिंता में था। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों के आरटी-पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी और माना जा रहा था कि टेस्ट अपने निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से ही खेला जाएगा। लेकिन, मैदान पर कोरोना फैलने के डर से कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने बाद में मैदान पर उतरने से साफ मना कर दिया और टेस्ट को रद्द करना पड़ा। टीम इंडिया में कोरोना की एंट्री चौथे टेस्ट से पहले हुई थी, जब हेड कोच रवि शास्त्री इस वायरस की चपेट में आ गए थे और उनके साथ बॉलिंग कोच भरत अरुण और फिजियो नितिन पटेल को क्वारंटइन करना पड़ा था। टेस्ट रद्द होने के बाद फैन्स ने शास्त्री को निशाने पर लिया था और उनके खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की थी। दरअसल, ओवल टेस्ट से पहले कोच शास्त्री और कप्तान विराट कोहली एक बुक इवेंट में हिस्सा लेने गए थे और वहां बिना मास्क के काफी तदाद में लोग मौजूद थे।



## टी-20 विश्व कप टीम में चुने जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने गर्लफ्रेंड संग की सगाई, फोटो शेयर कर दी जानकारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया टीम के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने टी-20 विश्व कप की टीम में चुने जाने के बाद अपनी नई जिंदगी शुरू करने की तरफ भी कदम बढ़ा दिए हैं। मार्श ने अपनी गर्लफ्रेंड ग्रेटा मैक के साथ सगाई कर ली है और इस बात की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी है। मार्श का प्रदर्शन हाल में ऑस्ट्रेलिया के लिए काफी शानदार रहा था और यह वजह रही कि वह टी-20 वर्ल्ड कप की टीम में अपनी जगह बनाने में सफल रहे। मार्श और ग्रेटा काफी समय से एक-दूसरे के साथ हैं और यही वजह है कि दोनों ने सगाई करने का फैसला लिया।

मिचेल मार्श ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वह गर्लफ्रेंड ग्रेटा के साथ नजर आ रहे हैं और कंगारू क्रिकेटर की होने वाली वाइफ उंगली में सगाई की अगूंठी दिख रही है। इस पल को शेयर करते हुए मार्श और ग्रेटा के चेहरे पर मुस्कान है और दोनों काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। मार्श ने कैप्शन में लिखा, 'मेरी जिंदगी का प्यार जिस दिन में इनसे मिला। सबसे खास दिन।' मार्श का प्रदर्शन वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में बेहद शानदार रहा था और उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से धमाल मचाया था। मार्श ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 152.08 के स्ट्राइक रेट से 219 रन ठोके थे। उनका औसत भी 43.80 का रहा था। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी अपनी छाप छोड़ी थी और सीरीज में 8 विकेट चटकाए थे। मार्श ने इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में भी धांसू प्रदर्शन किया था और 5 मैचों में 156 रन कूटे थे। हालांकि, वह गेंद से इस सीरीज में प्रभावित नहीं कर सके थे। कंगारू टीम को मैथ्यू वेड की कप्तानी में बांग्लादेश के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीरीज में हालांकि टीम के स्टार खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल, पैट कमिंस, आरोन फिंच मौजूद नहीं थे। टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है और मिचेल मार्श को भी जगह दी गई है। आरोन फिंच को टीम की कप्तान सौंपी गई है।

## बिना डीआरएस के खेली जाएगी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली वनडे सीरीज, आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग का भी नहीं होगी हिस्सा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 17 सितंबर से शुरू होने वाली वनडे सीरीज आईसीसी वर्ल्ड कप सुपर लीग का हिस्सा नहीं होगी। इसके पीछे का कारण इस सीरीज में डीआरएस का मौजूद ना होना है। दरअसल, पहले यह सीरीज बिना डीआरएस के ही सुपर लीग का हिस्सा रहकर खेली जानी थी, पर न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के आपत्ति जताने पर यह फैसला लिया गया। न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के दौरे पर तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है।

'ईएसपीयन क्रिकइंफो' की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और सीरीज के ब्राडकास्टर तय समय पर किसी भी आईसीसी द्वारा मान्यता प्राप्त टेक्नॉलजी मुहैया कराने वालों को नहीं खोज सके और इसकी वजह से सीरीज बिना डीआरएस के ही खेली जाएगी। न्यूजीलैंड की टीम 20022-23 में दो टेस्ट और तीन वनडे खेलने के लिए फिर से पाकिस्तान आएगी और तब उस सीरीज को वर्ल्ड सुपर लीग में शामिल किया जाएगा। पाकिस्तान ने अभी तक आईसीसी सुपर लीग में कुल 9 मैच खेले हैं, जिसमें से टीम ने 4 में जीत हासिल की है। वहीं, न्यूजीलैंड ने अबतक सिर्फ तीन ही मुकाबले खेले हैं और तीनों में ही जीत दर्ज की है। तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज 17 सितंबर से होगा और तीनों ही मुकाबले रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

सीरीज का दूसरा मैच 19 और आखिरी वनडे 21 सितंबर को खेला जाना है। इसके बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत 25 सितंबर से होगी और टी-20 के पांच मैच लाहौर में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड की टीम को हाल में बांग्लादेश के हाथों टी-20 सीरीज में 3-2 से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस सीरीज में टीम दमदार वापसी करना चाहेगी।

## सोमवार को ऑफिशियल तौर पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष चुने जा सकते हैं रमीज राजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान रमीज राजा को सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का नया अध्यक्ष चुना जा सकता है। वह एहसान मनी की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल पिछले महीने खत्म हो चुका है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने रमीज को वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट असद अली को गर्वनर बोर्ड का नया मेंबर बनाया है और इस पद के लिए रमीज देश के पीएम की पहली पसंद बताए जा रहे हैं।



रमीज के पास क्रिकेट की शानदार समझ है और वह पाकिस्तान का इंटरनेशनल लेवल पर प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को यह घोषणा की कि गर्वनर बोर्ड की विशेष बैठक सोमवार को बुलाई गई है जिसमें पीसीबी के चुनाव आयुक्त जस्टिस (सेवानिवृत) शेख अजमत सईद चुनाव का संचालन करेंगे और बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री इमरान खान ने रमीज और वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट असद अली को गर्वनर बोर्ड का नया सदस्य बनाया है। इमरान पीसीबी के मुख्य संरक्षक भी हैं। यह तय है कि रमीज को एहसान मनी की जगह पीसीबी का नया अध्यक्ष चुना जाएगा। मनी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया। पीसीबी ने कहा कि नये अध्यक्ष बैठक के बाद प्रेस से रूबरू होंगे। रमीज राजा ने अपने इंटरनेशनल करियर के दौरान 57 टेस्ट, 198 वनडे मैच खेले। इस दौरान उन्होंने टेस्ट में 31.83 की औसत से 2833 रन बनाए, जबकि एकदिवसीय क्रिकेट में रमीज ने 32.09 की एवरेज से 5841 रन ठोके। दोनों फॉर्मेट को मिलाकर रमीज राजा ने पाकिस्तान की तरफ से कुल 11 शतक लगाए।

# गुजरातः रूपाणी के बाद सीएम विधायकों को बुलाया गया गांधीनगर, आज मुख्यमंत्री पर फैसले की उम्मीद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद गुजरात भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी कार्यालय में एक बैठक की है। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, डिप्टी सीएम नितिन पटेल और गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के सभी विधायकों को शनिवार रात तक गांधीनगर आने के लिए कहा गया है। यह भी अंदेशा जताया जा रहा है कि सभी विधायकों के आने के बाद एक मीटिंग होगी और फिर राज्य का अगला सीएम कौन होगा इसपर भी रविवार को तस्वीर साफ हो जाएगी। विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद गुजरात के नए मुख्यमंत्री को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। इनमें उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल, राज्य के कृषि मंत्री आर सी फल्दू और केंद्रीय मंत्री पुरषोत्तम रूपाला एवं मनसुख मांडविया के नामों की अटकलें लगाई जा रही हैं। रूपाणी ने राज्य में विधानसभा चुनाव से करीब सवा साल पहले बगैर कोई विशेष कारण बताए मुख्यमंत्री पद से शनिवार को इस्तीफा दे दिया।

भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने बताया, ''पटेल, फल्दू, रूपाला और मांडविया के नामों की चर्चा चल रही है। लेकिन यह कहना असंभव है कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा क्योंकि इस बारे में फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। उल्लेखनीय है कि आनंदीबेन पटेल ने जब अगस्त 2016 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था, तब यह कहा जा रहा था कि पटेल उनके उत्तराधिकारी होंगे, लेकिन आखिरी क्षणों में लिये गये एक फैसले में रूपाणी को इस शीर्ष पद के लिए चुन लिया गया। रूपाणी के इस्तीफे के बाद नितिन पटेल को अगला मुख्यमंत्री बनाने की मांग सोशल मीडिया पर जोरशोर से शुरू हो गई। वहीं, पटेल की तरह ही प्रभावशाली पाटीदार समुदाय से आने वाले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया को भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे माना जा रहा है। समुदाय के नेताओं ने हाल ही में यह मांग की थी कि अगला मुख्यमंत्री एक पाटीदार (समुदाय से) होना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश भाजपा प्रमुख सी आर पाटिल को मुख्यमंत्री पद का दावेदार नहीं माना जा रहा है। वह मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले हैं।

सूत्रों ने कहा कि भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव से एक साल पहले आनंदीबेन पटेल को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था। उन्होंने कहा कि रूपाणी के साथ भी ऐसा ही किया गया और उनके उत्तराधिकारी दिसंबर 2022 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व कर सकते हैं।

# शिवसेना का ऐलान, यूपी में सभी 403 सीटों पर लड़ेगी पार्टी; कहा- बीजेपी को सिखाएंगे सबक

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ महाराष्ट्र में 25 साल पुरानी दोस्ती पहले ही खत्म कर चुकी शिवसेना ने अब उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया है।

यूपी में जंगलराज बताते हुए पार्टी ने कहा है कि शिवसेना सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारकर बीजेपी को सभी सीटों पर सबक सिखाएगी। पार्टी ने सभी विधानसभाओं में संगठन को मजबूत करने के लिए कोऑर्डिनेटर नियुक्त करने की बात कही है। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जल्द ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को चुनाव और संगठन की रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

शिवसेना प्रदेश कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह ने कहा कि यूपी सरकार कानून व्यवस्था पर फेल हो चुकी है। प्रदेश में जंगलराज है। बहन बेटियों की अस्मत लूटी जा रही है। साथ ही सरकार ब्राह्मणों के साथ गलत व्यवहार कर रही है। कोविड में लाशों को जलाने का साधन नहीं मिला। शिवसेना नेता ने यह भी कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई है। नौजवान पलायन को मजबूर हैं। शिवसेना प्रदेश की आवाज बन जनता के बीच जाएगी। शिवसेना सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारकर बीजेपी को सबक सिखाएगी।

# फिरोजाबाद में डेंगू और बुखार का कहर जारी, एक दिन में अब तक की सबसे ज्यादा 12 मौतें, मरने वालों की संख्या 125 हुई



**फिरोजाबाद (एजेंसी)।** फिरोजाबाद में डेंगू और बुखार का कहर तेजी से जानलेवा बनता जा रहा है। बच्चों को ये अपना शिकार तेजी से बना रहा है। बुखार के बीच परिवार के सदस्य सीरप पिलाकर बच्चों को ठीक करने की कोशिश में जुटते हैं तब तक लिवर को डैमेज करने के चलते उल्टी और दस्त में खून आने से उनकी मौतें हो रही हैं। शनिवार को 12 और मौतें हो गईं। एक दिन में यह सबसे ज्यादा मौतें हैं। इसके साथ ही अब तक मरने वालों की संख्या जनपद में 125 हो गई है। सुहागनगरी में बुखार और डेंगू से मरने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शनिवार को कई बच्चों को जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज में लेकर आई महिलाओं को निराशा मिली। वहीं प्राइवेट चिकित्सकों से दवा लेने वाले बच्चों की भी जान पर बनकर आ गई है। फिरोजाबाद में शहर और देहात क्षेत्र में शनिवार को पांच और मौतें सामने आई हैं। इनके परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। बच्चों और महिलाओं की मौतों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा शनिवार को सामने आया है। अब तक सात से आठ मौतें तो एक दिन में हुईं लेकिन पहली बार एक साथ 12 मौतें सामने आई हैं।

विधायक मनीष असीजा शनिवार की सुबह ही क्षेत्रों में दौड़े और शहरी क्षेत्र में हुई सभी बच्चों की मौतों पर परिवारों में शोक जताकर आए। मृतकों के परिजनों ने बताया कि परिवार के अन्य सदस्य भी बीमार हैं और मौतों के बाद परिवार टूट गए हैं। बुखार व डेंगू से दो महिलाओं की मौतों पर भी विधायक उनके परिवारों में पहुंचे। उन्होंने बताया कि बुखार और डेंगू से अधिकांश मौतें हो रही हैं।

# बीजेपी का मतलब भयंकर झगड़ा पार्टी,' गुजरात के सीएम रूपाणी के इस्तीफे पर कांग्रेस का तंज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी को 'भयंकर झगड़ा पार्टी' बताते हुए कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को कहा कि बीजेपी शासित प्रदेशों में अंदरूनी टकराव पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की विफलता को दिखाता है। सुरजेवाला ने ट्विटर पर लिखा, ''बीजेपी- भयंकर झगड़ा पार्टी। सभी बीजेपी शासित राज्यों में गहरी जमी अंदरूनी लड़ाई, चाहे वह गुजरात हो, राजस्थान, यूपी, एमपी, असम या हरियाणा। यह पीएम और गृह मंत्री के नेतृत्व की विफलता को दिखाता है। यदि उनकी ओर से नियुक्त किए गए सीएम विजय रूपाणी 5 साल तक गुजरात में पांच वर्ष तक सत्ता में रहे रूपाणी अब असफल होते हैं तो यह मोदी शाह की विफलता है। एक अन्य ट्वीट में सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा में झगड़ा भयानक है। यह झगड़ा उत्तर प्रदेश में योगी-मोदी, राजस्थान में वसुंधरा-मोदी, कनार्टक में येदियुरप्पा-मोदी मध्यप्रदेश में शिवराज- नरोत्तम-कैलाश, उत्तराखंड में तीरथ त्रिवेंद्र, धामी - दिल्ली, गोवा-प्रमोद सावंत-विश्वजीत राणे, हरियाणा-खट्टर- विज, हिमाचल में जयराम -अनुराग और गुजरात में रुपाणी- मोदी-शाह के बीच है। इस बीच रूपाणी के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इतालिया ने कहा कि भाजपा की मुख्यमंत्रियों को बदलने की परंपरा है और राज्य में आम आदमी पार्टी द्वारा बनाए गए नैतिक दबाव की वजह से रूपाणी को इस्तीफा देना पड़ा।

उन्होंने कहा, ''2001 में भूकंप के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल को बदला गया। फिर 2015 में शुरू हुए पाटीदार आरक्षण आंदोलन के दौरान आनंदी बेन पटेल को हटाया गया और अब विजय रूपाणी को। निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवाणी ने रूपाणी को राज्य में कोविड महामारी के दौरान कथित अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया।'' उन्होंने कहा, ''अगर वह कोविड संकट के अपने कुप्रबंधन के लिए इस्तीफा देते तो गुजरात के लोग तारीफ करते।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान केसः मस्जिद की दीवारों से ओम और शंख हटाने का दावा, कोर्ट को सौंपे गए सबूत

**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान से संबंधित जमीन मामले में वादी एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने कुछ तस्वीरें और सीडी अदालत को सौंपते हुए दावा किया कि औरंगजेब द्वारा ठाकुर केशवदेव के असल गर्भगृह के रूप में बने मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण कराया था। इसी के चलते श्रीकृष्ण जन्मस्थान से चंद कदमों की दूरी पर बनी शाही ईदगाह मस्जिद की दीवारों पर हिंदू धर्म के चिन्ह अंकित हैं। जबकि कुछ चिन्हों को इन दीवारों से हटा दिया गया है। इसी से संबंधित कई साक्ष्य अदालत को सौंपे गए हैं। मथुरा के सीनियर सिविल जज की अदालत में पेश की गईं तस्वीरें और सीडी में कई स्थानों से ओम और शंख और स्वास्तिक हटाने का दावा किया गया है। जबकि मस्जिद में आज भी कमल के फूल और शेषनाग बने हैं। वादी के अधिवक्ता राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि साक्ष्यों की सूची को अदालत को सौंपा है। इसमें हिंदू धर्म से जुड़े कई साक्ष्य हैं। केस में अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी।श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रकरण के दावों में से एक केस के वादी श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने दावा किया कि शाही ईदगाह मस्जिद के जो पिलर हैं, वह मंदिर के ही पिलर हैं। मस्जिद भी मंदिर के इन पिलरों पर खड़ी हुई है। यह पिलर आज भी कमल आकृति के रूप में हैं। इन पर बने स्थापत्य कला के चिन्ह उकेरे गए हैं।

## केरल के कोझीकोड में एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान क्यों हुआ था हादसे का शिकार? एएआईबी ने बताई वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने पिछले साल अगस्त में कोझीकोड हवाईअड्डे पर हुई विमान दुर्घटना की जांच रिपोर्ट शनिवार को जारी की। इस दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हुए थे। 257 पन्नों की रिपोर्ट कहती है कि पायलट की ओर से मानक संचानल प्रक्रिया (एसओपी) का पालन नहीं करना संभावित कारण हो सकता है। साथ ही सिस्टम फेल्योर की भूमिका की अनदेखी नहीं की जा सकती है। पिछले साल 7 अगस्त को एयर इंडिया एक्सप्रेस का बी737-800 विमान केरल के कोझीकोड हवाई अड्डे पर दुर्घटना का शिकार हो गया था। विमान दुबई से आ रहा था और कोझीकोड हवाई अड्डे पर रनवे से बाहर निकल गया था और फिर इसके टुकड़े टुकड़े हो गए थे। इस विमान में 190 लोग सवार थे और दोनो पायलटों समेत कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई थी तथा कई अन्य घायल हो गए थे।दुर्घटना के लगभग साल भर बाद जारी रिपोर्ट कहती है, ठदुर्घटना का संभावित कारण पीएफ (पायलट फ्लाइंग) द्वारा एसओपी का पालन नहीं करना थाठ रिपोर्ट के मुताबिक, पायलट ने अस्थिर दृष्टिकोण जारी रखा और विमान को उतराने वाले जोन से आगे उतारा, आधे रनवे पर उतारा, बावजूद इसके पायलट मॉनिटरिंग (पीएम) ने विमान को उड़ाने ('गो अराउंड) को कहा था।



# पद और टिकट की इच्छा मत पालो, देश के लिए काम कर साबित करो काबीलियत : केजरीवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से चुनाव लड़ने के लिए टिकट तथा पद मिलने की इच्छा नहीं रखने और इसके बजाय देश एवं समाज के लिए काम कर अपनी काबीलियत साबित करने को कहा। 'आप' की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में अपने ऑनलाइन संबोधन के दौरान केजरीवाल ने कहा कि वह नहीं चाहते कि लोग उनकी पार्टी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस जैसी पार्टी के रूप में पहचानें। उन्होंने 'आप' कार्यकर्ताओं से पद और टिकट की अपनी आकांक्षाओं का त्याग करने के लिए कहा।

केजरीवाल ने कहा कि यदि आप मेरे पास पद मांगने आते हैं तो इसका मतलब है कि आप इसके लायक नहीं हैं और आपको इसे मांगना पड़ रहा है। आपको इस तरह से काम करना चाहिए कि मुझे कहना पड़े कि यह पद आपको संभालना चाहिए।आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को विस्तार देने की योजना के तहत पंजाब, गोवा, उत्तराखंड और गुजरात पर ध्यान केंद्रित कर रही है जहां अगले साल चुनाव होने हैं। केजरीवाल ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बाबा साहेब आंबेडकर हमारी पार्टी के दो शीर्ष आदर्श हैं। हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को उनकी तरह बलिदान देने के लिए तैयार रहना होगा। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की 10वीं बैठक वैश्विक महामारी के कारण ऑनलाइन हुई।

## डर या प्रोपेगेंडा? तालिबान के समर्थन में सड़क पर उतरीं बुर्के में छिपी महिलाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** काबुल में शनिवार को नजारा थोड़ा चौंकाने वाला था। सिर से पैर तक बुरके से ढकी महिलाएं सड़क पर उतरी हुई थीं। उनके हाथ में तालिबान के झंडे के रंग वाली तख्तियां थीं। इन तख्तियों पर जो नारे लिखे थे वो और भी चौंकाने वाले थे। इन तख्तियों पर तालिबान के समर्थन वाले नारे लिखे थे। पिछले कुछ दिनों से यहां महिलाएं तालिबान के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं। लेकिन शनिवार को अचानक यह बदलाव देखने को मिला। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि यह तालिबान का प्रोपेगेंडा हो सकता है। इस मार्च में शामिल होने से पहले इन महिलाओं ने कुछ भाषण सुने। इन भाषणों में उन महिलाओं की आलोचना की गई थी, जिन्होंने हाल में तालिबान की खिलाफत की थी। तालिबान के समर्थन में जुटी इन महिलाओं का कहना था कि देश छोड़कर भाग चुकी महिलाएं उनकी प्रतिनिधि नहीं हो सकतीं। शहीद रब्बानी एजुकेशन यूनिवर्सिटी में हुए इस आयोजन में महिलाएं बड़े तालिबानी झंडों से घिरी हुई थीं। इस दौरान कई अन्य महिला वक्ताओं ने उन्हें संबोधित किया।

एक महिला वक्ता ने कहा, हम उन महिलाओं के खिलाफ हैं जो तालिबान के विरोध में प्रदर्शन कर रही हैं। वह खुद को हमारा प्रतिनिधि बता रही हैं, लेकिन हम उनकी इस बात से सहमत नहीं हैं। क्या पिछली सरकार को पसंद करना आजादी है? नहीं, यह आजादी नहीं है। इस वक्ता ने कहा कि पिछली सरकार महिलाओं के खूबसूरत चेहरे देखकर उन्हें नौकरी देती थी। बता दें कि इस मार्च के दौरान कुछ हथियारबंद तालिबान लड़ाके भी महिलाओं के साथ चल रहे थे।

## वायरल ऑडियो में तालिबान ने कहा, पाकिस्तान ने हमारी इज्जत मटियामेट कर दी

**नई दिले (एजेंसी)।** काबुल में तालिबान द्वारा अंतरिम सरकार के गठन के बीच एक ऑडियो वायरल है। वायरल ऑडियो के मुताबिक इस ऑडियो में कैबिनेट पदों को लेकर तालिबान और पाकिस्तान के बीच दरार के संकेत मिले हैं। साथ ही कैबिनेट में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हस्तक्षेप के भी संकेत मिले हैं। 10 सितंबर से सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल है जिसमें एक तालिबान कमांडर अन्य कमांडर्स के साथ बातचीत में कहता है कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तालिबान की प्रतिष्ठा खराब की है। सीएनएन न्यूज 18 की रिपोर्ट बताती है कि तालिबान और पाकिस्तान के बीच दरार का प्रमुख कारण कैबिनेट गठन है जहां आईएसआई प्रमुख फैज हमीद ने हक्कानी नेटवर्क और क्वेटा शूरा के नामों का प्रस्ताव रखा था। तालिबान कमांडर को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि पंजाबी जनरल हमीद ने उनके लिए बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। वायरल ऑडियो की आवाज तालिबान के उप रक्षा मंत्री मुल्ला फजल की बताई जा रही है। जो आईएसआई प्रमुख को लेकर कह रहे हैं कि पाकिस्तान ने समावेशी सरकार के गठन को रोका है। तालिबान ने पहले कहा था कि वह एक समावेशी सरकार बनाएंगे जिसमें ताजिक, उज्बेक समुदायों के साथ ही अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं को सरकार में शामिल करेंगे।


**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025



# 9/11 की बरसी पर बाइडेन, बराक और क्लिन्टन ने दिखाई एकजुटता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में 9/11 की बरसी पर शनिवार को ग्राउंड जीरो (जहां पर आतंकी हमले में ध्वस्त इमारत थी) पर घंटी बजने और कुछ पल के लिए मौन धारण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। आज से ठीक 20 साल पहले अमेरिकी धरती पर सबसे घातक आतंकवादी हमले की शुरुआत हुई थी। न्यूयॉर्क के 11 सितंबर स्मारक प्लाजा में राष्ट्रपति जो बाइडन, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन, कांग्रेस के सदस्य, अन्य हस्तियां और पीड़ितों के परिवार एकत्र हुए हैं। तीनों राष्ट्रपतियों की पत्नियां भी यहां मौजूद थीं। तीन हस्तियों ने यहां जमा होकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन और दोनों पूर्व राष्ट्रपतियों ने नीला रिबन पहना था और अपने हाथ सीने पर रखकर खड़े नजर आए। आपको बता दें कि इस आतंकी हमले के बाद जो बाइडेन एक वरिष्ठ सीनेटर थे। 9/11 की बरसी पर राष्ट्रपति अपना संबोधन नहीं देंगे। राष्ट्रपति के संबोधन की जगह व्हाइट हाउस की तरफ से एक वीडियो संदेश जारी किया गया।

इस वीडियो संदेश में राष्ट्रपति कहते हैं कि राष्ट्रीय एकता की 'मुझे लगता है कि 11 सितंबर का सबसे बड़ा सबक यही है, एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे कितना भी वक्त बीत जाए लेकिन ये मौका उस दर्द की याद ऐसे ताजा कर देता है, जैसे उसकी खबर कुछ सेकेंड पहले ही मिली हो।' यह स्मारक उसी स्थान पर बना है जहां पर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की दो बहु मंजिला इमारतें थीं जिसे आतंकवादियों ने अपहृत विमानों को टकराकर ध्वस्त कर दिया था। पेंटागन और पेंसिल्वेनिया के शैंक्सविली में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जहां पर 9/11 के साजिशकर्ताओं द्वारा अपहृत दो अन्य विमान गिरे थे। राष्ट्रपति बाइडन के सभी तीनों स्थानों पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम है जबकि पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश पेंसिल्वेनिया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 20 साल पहले, 11 सितंबर 2001 को अमेरिका के इतिहास में हुए अब तक के सबसे भयावह आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को याद किया। जब अपहर्ताओं ने चार विमानों का अपहरण करके, देश के सबसे भीषण आतंकी हमले को अंजाम दिया था। उस वक्त बाइडेन सीनेटर थे और अब वह कमांडर इन चीफ के रूप में पहली बार 9/11 की बरसी मना रहे हैं। राष्ट्रपति का उन तीनों घटनास्थलों पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम है जहां विमान हमले हुए थे। वह न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, पेंटागन और शांक्सविले के निकट एक खेत में जाएंगे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने देश को शर्मसार कर दिया, 9/11 की बरसी पर भी ट्रंप ने बाइडेन को नहीं छोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो बाइडेन की आलोचना का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। शनिवार को 9/11 की 20वीं बरसी पर ट्रंप ने एक बार फिर बाइडेन पर निशाना साधा। उन्होंने अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को निकालने के फैसले पर सवाल उठाया। साथ ही ट्रंप काबुल एयरपोर्ट पर 13 अमेरिकी सैनिकों और दर्जनों अफगान नागरिकों के मारे जाने की घटना को लेकर भी वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति को जमकर कोसा। डोनाल्ड ट्रंप ने 9/11 की बरसी पर एक वीडियो संदेश जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही दुख पहुंचाने वाला है। ट्रंप ने आगे कहा कि इससे भी ज्याद दुख की बात यह है कि हमारे देश को इस तरह का नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ युद्ध का अंत बहुत ही खराब ढंग से हुआ है। 9/11 हमले के बाद अलकायदा के खिलाफ की गई अमेरिकी कार्रवाई का हवाला दे रहे थे। गौरतलब है कि 20 साल तक चली लड़ाई के बाद 31 अगस्त को अमेरिकी सेना अफगानिस्तान से वापस लौट आई। अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला अलकायदा के मुखिया ओसामा बिन लादेन की तलाश में किया था। 9/11 हमले के पीछे ओसामा का हाथ था जिसमें 3000 से ज्यादा लोग मारे गए थे।